संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, शुक्रवार, 13 अक्टूबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 274 पृष्ठः 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

**फास्ट न्यूज**

### सिक्किम: त्रासदी के आठवें दिन 461 लोगों को बचाया गया

गंगटोक :भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने गुरुवार को उत्तरी सिक्किम से फंसे कुल 461 लोगों को बचाया। वायु सेना के विमानों ने आज मंगन के रिंगहिम हेलीपैड पर 10, लिबिंग में सेना के हेलीपैड पर 5 और पाकिम ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर 6 उड़ानें भरीं। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, उत्तर सिक्किम से 75 लोगों को मंगन के रिंगहिम हेलीपैड पर लाया गया, जिनमें 17 पर्यटक, 55 स्थानीय और 3 कर्मचारी शामिल हैं। इस तरह 99 लोगों को राजधानी गंगटोक के लिबिंग स्थित सेना के हेलीपैड पर लाया गया, जिनमें 85 पर्यटक, 12 स्थानीय और 2 सेना के जवान शामिल हैं। इसी तरह, कुल 287 लोगों को पाकिम ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर लाया गया, जिनमें लाचेन से 138 और लाचुंग से 126 लोग शामिल थे। लाचेन से 6 और लाचुंग से 17 स्थानीय लोगों को भी लाया गया है।

### भारत की संस्कृति व विरासत सदा महान रही: मोहन भागवत

**हिसार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि भारत की संस्कृति एवं विरासत सदा महान रही है, जिसका अनुसरण पूरे विश्व ने किया है। हम हर क्षेत्र में अग्रणी रहे हैं। हमें अपनी ताकत पहचान कर आगे बढ़ना होगा।

# देवभूमि को पीएम मोदी की सौगात

= 'आज का भारत डरी हुई सोच से आगे बढ़ा', 'आज दुनिया भारत की ताकत को देख रहा': मोदी ने कैलाश दर्शन किए, यहां जाने वाले पहले पीएम, पिछली सरकारों को बॉर्डर पर डर लगता था, आज का भारत डरी हुई सोच से आगे बढ़ा

**नमो..नमो**

> 8 हमने सीमावर्ती गांवों को अंतिम नहीं, बल्कि देश के पहले गांव के रूप में विकसित करना शुरू किया है

**टीम एक्शन इंडिया/पिथौरागढ़**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक दिन का उत्तराखंड का दौरा किया। यहां उन्होंने सबसे पहले पिथौरागढ़ में कैलाश व्यू पॉइंट से आदि कैलाश के दर्शन किए। फिर भारत-चीन सीमा से सटे गुंजी गांव गए। बाद में अल्मोड़ा में जागेश्वर धाम पर माथा टेका। दिन के अंत में पीएम ने पिथौरागढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- हमने सीमावर्ती गांवों को अंतिम नहीं, बल्कि देश के पहले गांव के रूप में विकसित करना शुरू किया है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत, ऐसे ही सीमावर्ती गांवों का विकास किया जा रहा है। ये काम पहले की सरकारों द्वारा भी किया जा सकता था। लेकिन पहले की सरकारों ने इस डर से बॉर्डर एरिया का विकास नहीं किया कि कहीं दुश्मन इसका फायदा उठाकर अंदर ना आ जाए। आज का नया भारत, पहले की सरकारों की इस डरी हुई सोच को पीछे छोड़कर आगे बढ़ रहा है। नरेंद्र मोदी देश के पहले पीएम हैं, जिन्होंने उत्तराखंड से लगी भारत-चीन सीमा पर आदि कैलाश पर्वत का दर्शन किया। मोदी बोले- दूर पहाड़ों पर जो लोग रहते हैं हमने उनकी भी चिंता की इसलिए सिर्फ 5 साल में देश में साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। ये इस बात का उदाहरण है कि भारत अपनी गरीबी मिटा सकता है। पीएम ने कहा- पहले नारा दिया जाता था कि गरीबी हटाओ, मोदी कह रहा है कि हम मिलकर गरीबी हटाकर रहेंगे। हम जिम्मेदारी लेते हैं और जी-जान से जुट जाते हैं।



## सेब खेती और पालीहाउस से बदलेगी उत्तराखंड की तकदीर और तस्वीर

**टीम एक्शन इंडिया/पिथौरागढ़**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पिथौरागढ़ में उत्तराखंड की चार हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया। सर्वाधिक धनराशि सघन सेब की खेती और पालीहाउस लगाने के लिए दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ करते हुए कहा कि उनकी सरकार पहाड़ का पानी और जवानी, पहाड़ के काम नहीं आने के कहावत को पूरी तरह बदल देगी। पिथौरागढ़ स्टेडियम में योजनाओं का रिमोट से लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में चार हजार करोड़ के विकास कार्य कराये जा रहे हैं। इन कार्यों से गांवों को बेहतर कनेक्टिवटी दी जायेगी, लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किये जायेंगे। इससे पहाड़ के गांव बहुत जल्द पूरी तरह आबाद हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि सेब उत्पादन में राज्य को अग्रणी बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। सघन सेब खेती के लिए 809 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गये हैं। बेमौसमी सब्जी उत्पादन के लिए राज्य में 21398 पालीहाउस बनाये जा रहे हैं, इस पर 304 करोड़ रुपए खर्च किये जायेंगे।

### इन कार्यों का हुआ शिलान्यास

= एनएच 309 में बागेश्वर से कनालीछीना तक डबल लेन सड़क
= पिथौरागढ़- घाट- टनकपुर रोड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का ट्रीटमेंट कार्य
= प्रदेश के 74 गांवों को जोड़ने के लिए 22 मोटर पुल और 10 पैदल पुल
= एसडीआरएफ के लिये आपदा प्रबंधन उपकरण और अग्निशमन सेवाओं का विस्तार
= देहरादून में स्टेट इमरजेंसी आपरेशन सेंटर का उच्चीकरण
= नैनीताल बलियानाला में भूस्खलन रोकने को ट्रीटमेंट कार्य
= प्रदेश के बीस माडल डिग्री कालेज में 15 हास्टल और कंप्यूटर लैब का निर्माण
= अल्मोड़ा जनपद के सोमेश्वर में 100 बेड का चिकित्सालय
= चंपावत में 50 बेड का अस्पताल
= हल्द्वानी में एसट्रोटर्फ हाकी ग्राउंड
= रूद्रपुर में विलोड्रोम स्टेडियम

# मिशन इंद्रधनुषः 5.06 करोड़ बच्चों, 1.25 करोड़ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्रालय का नियमित टीकाकरण अभियान सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई 5.0) का इस साल का तीसरा चरण 14 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा। वर्ष 2014 में शुरू इस अभियान के तहत अब तक कुल 5.06 करोड़ बच्चों और 1.25 करोड़ गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया जा चुका है।
मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि आईएमआई 5.0 का उद्देश्य नियमित टीकाकरण सेवाओं से छूटे हुए बच्चों और गर्भवती तक पहुंचाना था। इस वर्ष पहली बार यह अभियान देश के सभी जिलों में चलाया जा रहा है और इसमें 5 वर्ष तक के बच्चे शामिल हैं। आईएमआई 5.0 अभियान का लक्ष्य राष्ट्रीय टीकाकरण अनुसूची के अनुसार सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम का कवरेज बढ़ाना है।

2023 तक खसरा और रूबेला उन्मूलन के लक्ष्य के साथ खसरा और रूबेला टीकाकरण कवरेज में सुधार पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके पहले आईएमआई 5.0 का पहला और दूसरा चरण क्रमशः 7-12 अगस्त 2023 और 11-16 सितंबर 2023 तक चलाया, यानी एक महीने में 6 दिन, जिसमें एक नियमित टीकाकरण दिवस भी शामिल है।




**टीकाकरण**

> 8 अब तक कुल 5.06 करोड़ बच्चों और 1.25 करोड़ गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया जा चुका है

### सिक्किम आपदा में 87 हजार से अधिक लोग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सिक्किम में आई अचानक बाढ़ के बाद सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत व बचाव कार्यों को तेज कर दिया है। आपदा के एक सप्ताह बाद फंसे लोगों को निकालने, विस्थापित करने, राहत सामग्री और मरीजों तक दवा पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस आपदा से अभी तक 3 हजार 448 लोगों को सफलतापूर्वक निकाला जा चुका है। इस आपदा से 87 हजार 300 लोग प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप

## गंगाजल और पूजा सामग्री जीएसटी के दायरे से बाहर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने स्पष्ट किया है कि 'गंगाजल' को जीएसटी से छूट दी गई है। सीबीआईसी ने कहा कि देशभर के घरों में पूजा में गंगाजल का उपयोग किया जाता है। इस पूजा सामग्री को भी जीएसटी के तहत छूट दी गई है। सीबीआईसी ने गुरुवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि पूजा सामग्री पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लेकर जीएसटी परिषद ने 18-19 मई, 2017 और 3 जून, 2017 को क्रमशः 14वीं और 15वीं बैठक में पूजा सामग्री पर जीएसटी पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में ही उन्हें छूट सूची में रखने का निर्णय लिया गया। इसलिए जीएसटी लागू होने के बाद से ही इन सभी वस्तुओं को जीएसटी से बाहर रखा गया है। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष ने मल्लिकार्जुन खड़गे ने गंगाजल पर कथित तौर पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने के लिए मोदी सरकार की आलोचना की थी।



# आदि कैलाश यात्रा से प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व को दिया भक्ति और शक्ति का संदेश

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पिथौरागढ़ दौरे में आदि कैलाश यात्रा से पूरे विश्व को भक्ति और शक्ति का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदि कैलाश के दर्शन कर उनका मन प्रसन्न और जीवन धन्य हो गया। मुख्यमंत्री धामी ने आदि कैलाश पहुंचने पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।आदि कैलाश की यात्रा करने वाले नरेन्द्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री के आगमन पर स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखा।
प्रधानमंत्री के भ्रमण से केदारनाथ की तरह अब आदि कैलाश क्षेत्र में भी आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
प्रधानमंत्री मोदी आज सुबह 12 अक्टूबर को भारत की



आध्यात्मिक भूमि आदि कैलाश पहुंचे। यहां शिव मंदिर में पूजा करते हुए प्रधानमंत्री ने आदि कैलाश के विराट दर्शन किए और देश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। शिव धाम आदि कैलाश आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे।
प्रधानमंत्री मोदी अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार सुबह 8.45 बजे हेलीकॉप्टर से पिथौरागढ़ जनपद में ज्योलिंगकांग हेलीपैड पर उतरे। यहां से दाहिनी ओर करीब डेढ़ किमी की दूरी कार से तय करते हुए वे हिमालय की चोटी पर स्थित पार्वती सरोवर और शिव मंदिर पहुंचे। उन्होंने करीब 25 मिनट तक शिव की पूजा और ध्यान लगाया। आदि कैलाश मंदिर में रं-समुदाय के लामा पुजारियों ने पौराणिक काल से प्रसिद्ध शिव-पार्वती की "माटी पूजा" पूरे विधि विधान के साथ संपन्न की।
इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने आदि कैलाश पर्वत और पार्वती सरोवर के दर्शन भी किए। आदि कैलाश और पार्वती सरोवर के दर्शन कर प्रधानमंत्री अभिभूत हो उठे। उन्होंने कहा कि आदि कैलाश के दर्शन कर उनका मन प्रसन्न और जीवन धन्य हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है। यहां कण-कण में देवी देवताओं का वास है। भगवान आदि कैलाश के दर्शन कर उन्हें परम आनंद की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि देवभूमि के मंदिर आस्था ही नही आर्थिकी का भी केंद्र हैं। इन मंदिरों से हजारों लोगों की आर्थिकी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुड़ी है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी मंदिरों को एक सर्किट के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री को आदि कैलाश और आसपास के क्षेत्र के बारे जानकारी दी।
प्रधानमंत्री के भ्रमण से चीन सीमा पर तैनात सेना के जवानों के साथ ही सीमा पर बसे गांव कुटी, नाबि, रोंगकांग, गुंजी, नपल्च्यू, गर्व्यांग, बूंदी के ग्रामीणों में गजब उत्साह देखने को मिला। आदि कैलाश के दर्शन करने के बाद पीएम मोदी ज्योलिंगकांग हेलीपैड से गुंजी के लिए रवाना हुए।

# जयप्रकाश नारायण विश्व के विलक्षण व्यक्तित्व: प्रवीण त्यागी




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जय प्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। डालनवाला में एमडीडीए कालोनी के सामूहिक केंद्र में जिला सर्वोदय मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जय प्रकाश नारायण के चित्र पर पुष्पांजलि की गई ।डा. इन्दु शुक्ल,अध्यक्ष,डॉक्टर अवनीत कुमार घिल्डियाल,मुख्य अतिथि,डॉक्टर योगेश धस्माना,मुख्य वक्ता,प्रवीण त्यागी आयोजक,हरवीर सिंह कुशवाहा,कुसुम रावत,जिला मंत्री,सर्वोदय मंडल,सुरेंद्र सिंह सजवाण,अतुल शर्मा,प्रेम लता मौर्य,नीरू शर्मा,राम चन्द्र यादव,राजेश सकलानी,राजेंद्र प्रसाद,चन्द्र नाथ मिश्र,लाखी राम विजल्वाण,देवेन्द्र सिंह,मानवेन्द्र प्रताप सिंह,विजय शंकर शुक्ल,रश्मि पैन्यूली,मंत्री आदि वक्ताओं ने संबोधित कर उनके विचारों सिद्धांतों पर प्रकाश डाला । उन्होंने लोगों को का आह्वान करके कहा कि ऐसी सांप्रदायिक ताकतों को मुंह तोड़ जवाब देने की आवश्यकता है जो लोगों को बांटने की कोशिश कर समाज में नफरत का जहर फैला रही है । उन्होंने कहा कि हमें लोकनायक जयप्रकाश नारायण नारायण के सिद्धांतों का अनुसरण कर राष्ट्र की प्रगति एवं उन्नति में भागीदारी निभानी चाहिए ।

## न्यूज फ्लैश

### प्रधानमंत्री ने पिथौरागढ़ के गूंजी में जवानों और स्थानीय लोगों से की मुलाकात, बढ़ाया हौसला

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार सुबह पिथौरागढ़ पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने गूंजी में जवानों और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने पार्वती कुंड में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान प्रधानमंत्री पूरी तरह से अध्यात्म के रंग में रंगे दिखे।
प्रधानमंत्री मोदी का गूंजी में स्थानीय लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने स्थानीय लोगों से वार्ता की और उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ ढोल भी बजाया। प्रधानमंत्री ने सेना, आईटीबीपी के जवानों से बातचीत कर उनका भी हौसला बढ़ाया।
इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने पार्वती कुंड में पूजा-अर्चना की। फिर शिव का ध्यान लगाकर आदि कैलाश के दर्शन भी किए। इस दौरान प्रधानमंत्री डमरू, घंटा और शंख भी बजाते भी नजर आए। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी गूंजी गांव गए।
जोलिकोंग आदि कैलाश में प्रधानमंत्री पूजा अर्चना करने की साथ-साथ ध्यान भी किया और स्थानीय लोगों ने पारंपरिक पगड़ी, रंगा (कपड़ा) भी पहनाया और वही कपड़ा पहन कर पूजा अर्चना और आदि कैलाश के दर्शन किए।
इसके बाद प्रधानमंत्री अल्मोड़ा जिले के जागेश्वर धाम के लिए रवाना हुए, जहां वो पूजा और दर्शन करेंगे। लगभग 6200 फीट की ऊंचाई पर स्थित जागेश्वर धाम में लगभग 224 पत्थर के मंदिर शामिल हैं। यही नही प्रधानमंत्री आज उत्तराखंड को 4200 सौ करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर राज्य को सौगात देने वाले हैं।

### नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म, गर्भवती होने पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म और गर्भवती होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। राजकीय चिकित्सालय से एम्स रेफर की गई किशोरी ने शिशु को जन्म दे दिया है। जानकारी के अनुसार 11 अक्टूबर को शहर निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी पेट में दर्द होने की शिकायत लेकर दो दिन पूर्व स्वजन के साथ अस्पताल पहुंची थी। जांच के दौरान डाक्टर ने बताया कि यह दर्द सामान्य नहीं है, बल्कि किशोरी के गर्भवती होने की वजह से हो रहा है। यह जानकारी आने के बाद स्वजन के पैरों तले जमीन खिसक गई। सकते में आए परिजन काफी देर तक असमंजस में रहे कि आखिरकार अब क्या किया जाए? कुछ देर में डाक्टरों की टीम ने किशोरी की हालत को नाजुक बताते हुए एम्स रेफर कर दिया। जहां उसने बीते रोज शिशु को जन्म दिया।
कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कोतवाल केआर पांडेय ने बताया कि पूछताछ में किशोरी ने बताया कि जनवरी माह में उसके साथ अज्ञात व्यक्ति ने दुष्कर्म किया था। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### गृह क्लेश के कारण विवाहिता ने की आत्महत्या

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गृह क्लेश के कारण एक विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही पति ने महिला को उपचार के लिए निजी हॉस्पिटल ले गया, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।
पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर घटना के सम्बंध में जानकारी ली। मृतका की पहचान 31 वर्षीय कविता देवी पत्नी बिजेन्द्र निवासी ग्राम नवासू पो. खेड़ावाल रुद्रप्रयाग हाल किरायेदार नवोदय नगर सिडकुल हरिद्वार के रूप में हुई है। सिडकुल पुलिस के अनुसार मृतका के पति बिजेन्द्र ने बताया कि उसकी पत्नी ने घर में कहासुनी होने के बाद बाथरूम में फंदा लगा लिया।

# विधायकों के प्रस्तावों पर सरकार गंभीर, की समीक्षा बैठक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश सरकार विधायकों के 10-10 प्रस्तावों पर बहुत गंभीर है। इस संदर्भ में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायकगणों से प्राप्त व्यापक महत्व / जनहित के 10-10 प्रस्तावों /कार्यों की समीक्षा गुरुवार को राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री ने सचिवालय में की।
बैठक में सचिव, मुख्यमंत्री डा. सुरेन्द्र नारायण पाण्डे ने बताया कि विधायकगणों से प्राप्त कार्यों में लगभग 120 कार्यों के सम्बन्ध में घोषणाएं की जा चुकी हैं। शेष कार्यों को मुख्यमंत्री घोषणा में सम्मिलित किए जाने के लिए शासन स्तर पर परीक्षण किया जा



रहा है। अपर मुख्य सचिव ने विधायकगणों से प्राप्त प्रस्तावों पर समयबद्ध रूप से प्रभावी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में विशेष कार्याधिकारी आरसी शर्मा, उप सचिव हीरा सिंह बसेड़ा, अनुसचिव चिरंजी लाल आदि उपस्थित थे।

# मुकेश अंबानी ने किए बदरी-केदार दर्शन, दिए पांच करोड़ दान

**बद्री-केदार धाम**

**8 बदरीनाथ में बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने अंबानी का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रमुख और देश के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी गुरुवार को बद्री-केदार धाम पहुंचे और दोनों धामों में विशेष पूजा अर्चना की। अंबानी के साथ उनके पुत्र अनंत अंबानी की मंगेतर राधिका मर्चेंट और समधन ने भी दर्शन और पूजन किया। प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश ने श्री



बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) को पांच करोड़ रुपये की धनराशि का चेक भी दान दिया।
मुकेश अंबानी के बदरीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचने पर बीकेटीसी ने उनका स्वागत किया। अंबानी पहले बदरीनाथ धाम और उसके पश्चात केदारनाथ धाम पहुंचे। बदरीनाथ में बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने अंबानी का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। अंबानी ने बीकेटीसी को पांच करोड़ रुपये की धनराशि दान दी। उन्होंने चेक के माध्यम से यह धनराशि बीकेटीसी के अध्यक्ष को सौंपी। इस दौरान प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने मंदिर समिति के प्रोजेक्टों में भी मदद का भरोसा दिया है। इस अवसर पर बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार भी उपस्थित थे।
बदरीनाथ दर्शन के पश्चात उद्योगपति मुकेश अंबानी केदारनाथ धाम पहुंचे। वहां भी मंदिर में उन्होंने विशेष पूजा-अर्चना की। केदारनाथ में केदारनाथ उत्थान चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त सचिव और बीकेटीसीके मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने उनकी अगुवानी की।

# सच की आवाज के लिए कांग्रेस से जुड़ें : गांधी

**सच और झूठ**

**8 यह लड़ाई सच और झूठ के बीच हो गई है। आज कोई कहता है कि हम गैर राजनीतिक हैं तो वह झूठ बोल रहा है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
हर हार से कुछ न कुछ सीखते हैं। सोशल मीडिया आज बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। एक घर में जितने परिवार के लोग है उतने ही मोबाइल हो गए हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से सब तक पहुंचा जा सकता है। यह विचार कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी शुजा गांधी ने कांग्रेस कार्यालय में व्यक्त किए।
कांग्रेस भवन में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में शुजा गांधी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से घर की महिलाओं तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमने आज सोशल मीडिया का नंबर लांच किया है। इस व्हाटसएस नंबर के माध्यम से हमारी बातें नीचे तक जा सकती और नीचे की आवाज हम तक आ सकती है। उन्होंने कहा कि आज हमने एक लोगो जारी किया है 'सच की आवाज बनें, कांग्रेस से जुड़ें'। इसके लिए हमने एक व्हाटसएप नंबर जारी किया है। उन्होंने कहा कि आज हमारी लड़ाई राजनीतिक दलों से ऊपर उठ गई है। यह लड़ाई सच और झूठ के बीच हो गई है। आज कोई कहता है कि हम गैर राजनीतिक हैं तो वह झूठ बोल रहा है। हमें यह तय करना है कि हम सच के साथ है या झूठ के साथ है। इसके लिए एक माध्यम बनाना होगा और वह माध्यम है सोशल मीडिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसा माध्यम बनाएंगे कि हमारे लोग झूठ का मुकाबला सच के साथ कर सकें।
शुजा ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को टक्कर देने के लिए कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में आज लोगों से जुड़ने के लिए उत्तराखंड कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग ने व्हाट्सएप नंबर जारी किया है।

# आधी रात को फिर हुए 15 दारोगाओं के ट्रांसफर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार में कल हुए 33 दारोगाओं के स्थानांतरण के बाद आधी रात को फिर कई पुलिस दारोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले गए।
एसएसपी प्रमेंन्द्र डोबाल ने आदेश जारी करके जनपद हरिद्वार में 15 उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण किए हैं ।
रात को जारी की गई सूची में ज्वालापुर बाजार, चंडीघाट, रोड़ी बेल वाला, लक्सर बाजार, शांतरशाह और गोवर्धन पुर के चौकी प्रभारियों को स्थानांतरित किया गया है । साथ अन्य दारोगाओं के कार्यक्षेत्र भी बदले गए हैं।

# पीली पड़ाव में हुआ सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम

**शिकायत**

**8 सरकारी स्कूलों में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति न मिलने की शिकायत की गई।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार के पीली पड़ाव गांव में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणो द्वारा सरकारी स्कूलों में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति न मिलने की शिकायत की गई। अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी ने कार्यक्रम में उपस्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य को नियमानुसार संबंधित छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। ग्रामीणों द्वारा बारात घर बनाए जाने की मांग की गई जिसके संबंध में कार्यक्रम में उपस्थित खंड विकास अधिकारी को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। विकास कार्यों की समीक्षा की एवं विकास विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया।
कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी मानस मित्तल, नायब तहसीलदार मधुकर जैन, राजस्व उप निरीक्षक रामनाथ, देवेश घिल्डियाल, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अनुज चौहान एवं अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने पार्वती कुंड में दर्शन कर पूजा-अर्चना की

**पिथौरागढ़ दौरा**

**8 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पार्वती कुंड में पूजा-अर्चना के बाद आदि कैलाश के दर्शन भी किए।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार सुबह पिथौरागढ़ पहुंचे। प्रधानमंत्री ने यहां पार्वती कुंड में दर्शन कर पूजा-अर्चना की।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पार्वती कुंड में पूजा-अर्चना के बाद आदि कैलाश के दर्शन भी किए। इस



दौरान आध्यात्मिक रंग में रंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डमरू, घंटा और शंख बजाते नजर आए। उन्होंने आदि कैलाश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।
प्रधानमंत्री यहां से गुंजी गांव जाएंगे। जहां वे सेना, आईटीबीपी और बीआरओ जवानों सहित स्थानीय लोगों के साथ बातचीत करेंगे।प्रधानमंत्री दोपहर करीब 12 बजे अल्मोड़ा जिले के जागेश्वर धाम पहुंचेंगे। जहां वे पूजा और दर्शन करेंगे। लगभग 6200 फीट की ऊंचाई पर स्थित जागेश्वर धाम में लगभग 224 पत्थर के मंदिर हैं।
प्रधानमंत्री आज उत्तराखंड में 4200 सौ करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विदुयत अभियंता (टी आर डी) मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या नं. **एम–1–ओटी–ए.एम.सी–एफ.एस.डी–एमबी–23** के अंतर्गत खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 01.11.2023 15:00 बजे है, जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खोली जाएंगी। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडेरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य एवं धरोहर राशी का भुगतान वह केवल ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से, जो कि ई–निविदा बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है, जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "ए.एम.सी (एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट) ऑफ 450 नं0. जी. पी. एस. बेस्ड फोग सेफ डिवाइस ऑफ मुरादाबाद डिविजन का कार्य 01 वर्ष की अवधि के लिए." | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकट सिस्टम |
| टैंडर बन्द होने की दिनांक एंव समय | 01.11.2023 15:00 बजे | निविदा टाइप | सर्विस |
| एडवेरटाज्ड वेल्यू | रू. 44,32,967.36 (इंक्लूसिव ऑफ आल टैक्सेज एंड चार्जेज इल्क्लुडिंग जीएसटी) | | |
| धरोहर राशि (रू) | रू. 88,700/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रू) | रू. 5,000/– | कार्य की अवधि | 01 वर्ष |

नं. एम–1–ओटी–ए.एम.सी–एफ.एस.डी,एमबी–23 दिनांक: 11.10.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3157/23

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तराखंड दौरे पर पिथौरागढ़ पहुंचे, 4200 करोड़ की विकास योजनाओं

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तराखंड दौरे पर गुरुवार सुबह पिथौरागढ़ पहुंचे। प्रधानमंत्री आज अपने दौरे में लगभग 4200 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वे जागेश्वर धाम और पार्वती कुंड में पूजा और दर्शन के अलावा गुंजी गांव भी जाएंगे। जहां सेना, आईटीबीपी और बीआरओ कर्मियों सहित स्थानीय लोगों से भी बातचीत करेंगे।
गुरुवार सुबह उत्तराखंड के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री का प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड दौरे को लेकर गुरुवार सुबह ट्वीट कर कहा, 'देवभूमि उत्तराखंड के जन-जन के कल्याण और राज्य के तेज विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसे और गति देने के लिए पिथौरागढ़ में कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करूंगा। यहां के गुंजी गांव में लोगों से संवाद का सुअवसर भी मिलेगा। अपने इस दौरे में आध्यात्मिक महत्त्व के पार्वती कुंड और जागेश्वर धाम में दर्शन और पूजन की भी उत्सुकता से प्रतीक्षा है।'
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट कर कहा. 'प्रधानमंत्री के उत्तराखंड देवभूमि आगमन पर सभी प्रदेशवासियों की ओर से स्वागत और अभिनंदन करता हूं। आपके कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में प्रदेश में रोड, रेल और रोपवे निर्माण के माध्यम से धार्मिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन को नया आयाम प्राप्त हो रहा है। आपके विजन के अनुरूप हमारी सरकार राज्य के सर्वांगीण और सर्वस्पर्शी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव के लिए आपका सहृदय आभार!'
प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के बरेली एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से सुबह करीब 8 बजे पिथौरागढ़ जिले के जोलिंगकोंग पहुंचे। जहां पार्वती कुंड में पूजा और दर्शन के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री इस स्थान पर पवित्र आदि-कैलाश से आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री का पिथौरागढ़ जिले के गुंजी गांव पहुंचेंगे का कार्यक्रम है, जहां वे स्थानीय लोगों से बातचीत करेंगे और स्थानीय कला व उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इस दौरान वह सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), बीआरओ जवानों और अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री वहां से सड़क मार्ग से गूंजी हेलिपैड पहुंच कर पूर्वाह्न करीब 10:15 बजे हेलिकॉप्टर से जनपद अल्मोड़ा के सुखियाताल हेलिपैड के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री दोपहर करीब 12 बजे अल्मोड़ा जिले के जागेश्वर धाम पहुंचेंगे। जहां वे पूजा और दर्शन करेंगे। लगभग 6200 फीट की ऊंचाई पर स्थित जागेश्वर धाम में लगभग 224 पत्थर के मंदिर शामिल हैं।
प्रधानमंत्री अपराह्न 1.10 बजे सुखियाताल हेलिपैड से हेलिकॉप्टर से प्रस्थान कर अपराह्न 1:35 बजे जनपद के नैनी सैनी एयरपोर्ट पहुंचेंगे, वहां से अपराह्न 2:10 बजे सड़क मार्ग से प्रस्थान कर अपराह्न 2:30 बजे पिथौरागढ़ स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचेंगे। यहां प्रधानमंत्री स्टॉल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वह ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली, सिंचाई, पेयजल जैसे क्षेत्रों में लगभग 4200 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और जल, बागवानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री अपराह्न 3:50 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम से सड़क मार्ग से प्रस्थान कर अपराह्न 4:15 बजे नैनी सैनी एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से वे हेलिकॉप्टर से बरेली के लिए प्रस्थान करेंगे।

**प्रधानमंत्री इन योजनाओं का करेंगे उद्घाटन**
प्रधानमंत्री जिन परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उनमें पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित 76 ग्रामीण सड़कें और 25 पुल शामिल हैं। 9 जिलों में बीडीओ कार्यालयों के 15 भवन, केंद्रीय सड़क निधि के तहत निर्मित तीन सड़कों अर्थात कौसानी बागेश्वर रोड, धारी-दौबा-गिरिछीना रोड और नगला-किच्छा रोड का उन्नयन, राष्ट्रीय राजमार्गों अर्थात अल्मोडा पेटशाल-पनुवानौला-दन्या (एनएच 309बी) और टनकपुर-चल्थी (एनएच 125) पर दो सड़कों का उन्नयन, पेयजल से संबंधित तीन परियोजनाएं अर्थात 38 पम्पिंग पेयजल योजनाएं, 419 गुरुत्वाकर्षण आधारित जल आपूर्ति योजनाएं और तीन ट्यूबवेल आधारित जल आपूर्ति योजनाएं हैं।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग: | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं.: | T-06-TRD-MB-23-24-III |
| कार्य का नाम: | ओएचई संशोधन अर्थात प्रावधान फुट ओवर ब्रिज और उच्च स्तर नजीबाबाद, नगीना में प्लेटफार्म, सियोहारा, गजरौला, हर्रावाला, रुड़की और एमबी डिवीजन के कोटद्वार स्टेशन। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय: | 02.11.2023, 15:00 Hrs. |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹): | Rs. 2,39,41,486.90/- (Including GST) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹): | Rs. 2,69,700/- |
| निविदाप्रपत्र मूल्य (₹): | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) : | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि: | 12 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-22 दिनांक: 11.10.2023 3166/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# प्रेरक हैं 'रं' समुदाय के लोग

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार 12 अक्टूबर को अपनी पिथौरागढ़ यात्रा के दौरान आदि कैलाश के दर्शन और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ रं समुदाय से मुलाकात भी की। यह रं नाम स्वयं में आकर्षण पैदा करता है। साथ ही इस समुदाय के बारे में जानने की इच्छा प्रबल होती है। यहीं जान लेना जरूरी है कि इस समुदाय से प्रधानमंत्री का लगाव अचानक नहीं पैदा हुआ है। अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में नवंबर, 2019 में उन्होंने इस समुदाय की चर्चा की थी। हाल के दिनों की बात करें तो इस समुदाय ने एक अनूठी पहल की है। शादी-विवाह में फिजूलखर्ची रोकने के लिए तय किया गया है कि शगुन के तौर पर दुल्हन के हाथ में सिर्फ एक रुपया दिया जायेगा। शादी में शराब परोसने और डीजे के प्रयोग से परहेज रखने का भी फैसला किया गया। ज्ञातव्य है कि रं समुदाय में दहेज पर पहले से ही प्रतिबंध है। अब दुल्हन की मेंहदी में बड़ी संख्या में अतिथियों की जगह सिर्फ घर वाले और नजदीकी रिश्तेदार शामिल होने लगे हैं। बाकी लोग, वह भी भरसक कम संख्या में बारात में शामिल किए जा रहे हैं और बारातियों को शगुन देना भी बंद करने का फैसला कर लिया गया है। यह फैसला लागू करना इसलिए मुश्किल नहीं है कि यह समुदाय मात्र ब्यास, दारमा और चौदास घाटी के कुछ गांव और कुछ हजार की संख्या में ही है। उक्त सामान्य चर्चा भर से रं जैसी जनजाति के महत्त्व को नहीं समझा जा सकता। यह समुदाय भारत की चीन-तिब्बत सीमा के नजदीकी क्षेत्रों में रहता है। मौसम के हिसाब से इस समुदाय के लोगों को अपना स्थान बदलना भी पड़ता है। इसके बावजूद इन्होंने अपनी संस्कृति, खानपान, पहनावा और भाषा को नहीं छोड़ा है। याद करें कि जिन्हें भोटिया और शौका आदि नाम से जानते हैं, रं उनके अपने समुदाय की भाषा से ही निकला शब्द है। प्रधानमंत्री ने 2019 में दरअसल, रं समुदाय के जीवट और अपनी संस्कृति के प्रति अटूट लगाव के कारण ही याद किया था। सीमावर्ती क्षेत्रों में मौजूद इन लोगों ने दुश्मनों के प्रति सावधानी में अपने देश की सेनाओं को समय-समय पर मदद भी की है। इसी क्रम में 1962 के युद्ध को देखा जा सकता है। तब धारचूला से लिपुलेख दर्रे तक जाने में चार-पांच दिन लग जाते थे। उस विषम परिस्थिति में भी इस समुदाय के लोगों ने अपनी सेना के लिए राशन से लेकर गोला-बारूद तक ढोए थे। उस समय तिब्बत से होने वाले उनके व्यापार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। उसके बाद तो जैसे रं समुदाय रोजगार विहीन हो गया किंतु उसने हिम्मत नहीं हारी। अब तो इस समुदाय के लोग सरकारी सेवाओं के उच्च पदों पर भी हैं। मूल यह कि हर हाल में अपनी भाषा, संस्कृति के मामले में ये अत्यंत आग्रही हैं। भाषा के प्रति लगाव का यह आलम है कि समुदाय के ही व्यापारी नन्दराम ने रं भाषा की लिपि तैयार करने वाले के लिए एक लाख रुपये इनाम का एलान किया। यह चुनौती गर्ब्याल गांव के मकर सिंह गर्ब्याल ने स्वीकार की और आज रं की अपनी लिपि भी है। समुदाय के लोग अपनी भाषा और लिपि का खूब प्रयोग करते हैं। अपनी भाषाओं का रोना रोने वाले समुदायों के लिए रं लोग प्रेरक हो सकते हैं। प्रधानमंत्री ने पिथौरागढ़ यात्रा के दौरान अपने सिर पर जो पगड़ी पहनी, उसे रंगाव्यठलो कहते हैं। यह

# परिसीमन के बाद होंगे देश में एक साथ चुनाव



रोहित माहेश्वरी

"स्थानीय निकायों के चुनाव को अलग रखा जाएगा क्योंकि उसकी प्रक्रिया जटिल होती है। एक पंचायत में कई सदस्यों के चुनाव होते हैं। इसलिए उसे लोकसभा और विधानसभा के साथ मिलाने पर जटिलता बढ़ जाएगी। वह चुनाव राज्यों पर ही छोड़ा जाएगा। यदि देश में शएक देश एक करश यानी जीएसटी लागू हो सकता है तो एक देश एक चुनाव क्यों नहीं हो सकता अब समय आ गया है कि सभी राजनीतिक दल खुले मन से इस मुद्दे पर बहस करें ताकि इसे अमलीजामा पहनाया जा सके"

**किसी भी** जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक अनिवार्य प्रक्रिया है। स्वस्थ एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला होते हैं। भारत जैसे विशाल देश में निर्बाध रूप से निष्पक्ष चुनाव कराना हमेशा से एक चुनौती रहा है। अगर हम देश में होने चुनावों पर नजर डालें तो पाते हैं कि हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। चुनावों की इस निरंतरता के कारण देश हमेशा चुनावी मोड में रहता है। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं बल्कि देश के खजाने पर भारी बोझ भी पड़ता है। इस सबसे बचने के लिये नीति निमार्ताओं ने लोकसभा तथा राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराने का विचार बनाया। गौरतलब है कि देश में इनके अलावा पंचायत और नगरपालिकाओं के चुनाव भी होते हैं किन्तु एक देश एक चुनाव में इन्हें शामिल नहीं किया जाता। आपको बता दें कि एक देश एक चुनाव लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ करवाने एक वैचारिक उपक्रम है। यह देश के लिये कितना सही होगा और कितना गलत, इस पर कभी खत्म न होने वाली बहस की जा सकती है। लेकिन इस विचार को धरातल पर लाने के लिये इसकी विशेषताओं की जानकारी होना जरूरी है। महिला आरक्षण की तरह ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार ने पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का मामला भी परिसीमन के साथ जोड़ दिया है। जानकार सूत्रों का कहना है कि परिसीमन के बाद ही लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। इसका मतलब है कि अगले साल के लोकसभा चुनाव के बाद पहले जनगणना होगी और उसके बाद परिसीमन का काम होगा और तब महिला आरक्षण भी लागू होगा और सारे चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। इसका यह भी मतलब है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले तक सारे राज्यों के चुनाव वैसे ही होते रहेंगे, जैसे पहले पहले होते रहे हैं। यानी किसी भी राज्य का चुनाव न तो समय से पहले होने जा रहा है और न किसी राज्य का चुनाव टलने जा रहा है। असल में पिछले दिनों 22वें विधि आयोग की ओर से भी यह संकेत दिया गया था कि 2029 से ही एक देश, एक चुनाव का नियम लागू होगा। हालांकि विधि आयोग ने परिसीमन के बारे में कुछ नहीं कहा था। उसने कहा था कि कुछ राज्यों की विधानसभाओं के कार्यकाल घटा या बढ़ा कर 2029 में सबका चुनाव एक साथ कराया जाएगा। उसकी रिपोर्ट जल्दी ही आने वाली है। बताया जा रहा है कि विधि आयोग इसी लाइन पर सिफारिश करने वाला है और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली आठ सदस्यों की कमेटी भी यही सिफारिश करेगी। बताया जा रहा है कि कोविंद कमेटी अपनी सिफारिश में परिसीमन का क्लॉज डाल सकती है। ध्यान रहे भारत में परिसीमन पर 2026 तक रोक है। उससे पहले लोकसभा की सीटों की संख्या में बदलाव नहीं हो सकता है। वैसे केंद्र सरकार चाहती तो संविधान में संशोधन करके यह सीमा पहले ही खत्म कर सकती थी। लेकिन ऐसा लग रहा है कि सरकार इसे बनाए रखना चाहती है। सो, एक देश, एक चुनाव के लिए 2026 तक अनिवार्य रूप से इंतजार करना होगा। उसके बाद परिसीमन आयोग का गठन होगा और सीटों की संरचना और संख्या दोनों में बदलाव होगा। कुछ राज्यों में भी परिसीमन का काम हो सकता है। पूरे देश में परिसीमन के काम में लंबा समय लग सकता है। उस समय सीटों की संख्या बढ़ाने का क्या फॉमूर्ला बनता वह भी देखना होगा क्योंकि जनसंख्या के आधार पर सीटें बढ़ाने के फैसले से दक्षिणी राज्य नाराज होंगे। उससे उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा और ज्यादा आबादी वाले उत्तर भारतीय राज्यों का वर्चस्व स्थापित हो जाएगा।

एक देश एक चुनाव कोई अनूठा प्रयोग नहीं है, क्योंकि 1952, 1957, 1962, 1967 में ऐसा हो चुका है, जब लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ करवाए गए थे। यह क्रम तब टूटा जब 1968-69 में कुछ राज्यों की विधानसभाए विभिन्न कारणों से समय से पहले भंग कर दी गई। आपको बता दें कि 1971 में लोकसभा चुनाव भी समय से पहले हो गए थे। जाहिर है जब इस प्रकार चुनाव पहले भी करवाए जा चुके हैं तो अब करवाने में क्या समस्या है। एक तरफ जहां कुछ जानकारों का मानना है कि अब देश की जनसंख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है, लिहाजा एक साथ चुनाव करा पाना संभव नहीं है, तो वहीं दूसरी तरफ कुछ विश्लेषक कहते हैं कि अगर देश की जनसंख्या बढ़ी है तो तकनीक और अन्य संसाधनों का भी विकास हुआ है। इसलिए एक देश एक चुनाव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। किन्तु इन सब से इसकी सार्थकता सिद्ध नहीं होती, इसके लिए हमें इसके पक्ष और विपक्ष में दिये गए तर्कों का विश्लेषण करना होगा। एक देश एक चुनाव के पक्ष में कहा जाता है कि यह विकासोन्मुखी विचार है। जाहिर है लगातार चुनावों के कारण देश में बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू करनी पड़ती हैद्य इसकी वजह से सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने समस्या आती है। इसके कारण विकास कार्य प्रभावित होते हैं। आपको बता दें कि आदर्श आचार संहिता या मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट चुनावों की निष्पक्षता बरकरार रखने के लिये बनाया गया है। इसके तहत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव अधिसूचना जारी करने के बाद सत्ताधारी दल के द्वारा किसी परियोजना की घोषणा, नई स्कीमों की शुरूआत या वित्तीय मंजूरी और नियुक्ति प्रक्रिया की मनाही रहती है। इसके पीछे निहित उद्देश्य यह है कि सत्ताधारी दल को चुनाव में अतिरिक्त लाभ न मिल सके। इसलिए यदि देश में एक ही बार में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव कराया जाए तो आदर्श आचार संहिता कुछ ही समय तक लागू रहेगी, और इसके बाद विकास कार्यों को निर्बाध पूरा किया जा सकेगा।

एक देश एक चुनाव के विरोध में विश्लेषकों का मानना है कि संविधान ने हमें संसदीय मॉडल प्रदान किया है जिसके तहत लोकसभा और विधानसभाएँ पाँच वर्षों के लिये चुनी जाती हैं, लेकिन एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर हमारा संविधान मौन है। संविधान में कई ऐसे प्रावधान हैं जो इस विचार के बिल्कुल विपरीत दिखाई देते हैं। मसलन अनुच्छेद 2 के तहत संसद द्वारा किसी नये राज्य को भारतीय संघ में शामिल किया जा सकता है और अनुच्छेद 3 के तहत संसद कोई नया राज्य राज्य बना सकती है, जहां अलग से चुनाव कराने पड़ सकते हैं। बहरहाल, रामनाथ कोविंद कमेटी की दूसरी बैठक जल्दी ही होने वाली है, जिसमें विधि आयोग, चुनाव आयोग और सभी राजनीतिक दलों की राय ली जाएगी। आम लोगों की भी इस मामले में ली जा सकती है। जानकार सूत्रों का कहना है कि इस पर लगभग सहमति है कि परिसीमन के बाद सारे चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की जाए। यह भी कहा जा रहा है कि एक देश, एक चुनाव में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव शामिल किए जाएंगे।

स्थानीय निकायों के चुनाव को अलग रखा जाएगा क्योंकि उसकी प्रक्रिया जटिल होती है। एक पंचायत में कई सदस्यों के चुनाव होते हैं। इसलिए उसे लोकसभा और विधानसभा के साथ मिलाने पर जटिलता बढ़ जाएगी। वह चुनाव राज्यों पर ही छोड़ा जाएगा। यदि देश में शएक देश एक करश यानी जीएसटी लागू हो सकता है तो एक देश एक चुनाव क्यों नहीं हो सकता अब समय आ गया है कि सभी राजनीतिक दल खुले मन से इस मुद्दे पर बहस करें ताकि इसे अमलीजामा पहनाया जा सके।




## कविता

### स्त्रियों पर अत्याचार ?

जो मनुष्य स्त्री की इज्जत न कर हैवानियत करे,
उसका हम तुरंत बहिष्कार तिरस्कार करें।

अपराधियों को जीने का कोई हक नहीं होना चाहिए,
उनको तत्काल सजा देकर सच्चा उदाहरण पेश होना चाहिए।

उदाहरण पेश हो कि फिर कोई अगला,
दरिंदगी का शिकार न हो अबला।

अबलाएं कब तक झेलती रहेंगी दरिंदगी,
क्षमा करो माताओं, बेटियों हमें है बड़ी शर्मिंदगी।

अब न जले कोई भी निरीह अबला
जला दो इन अपराधियों की लंका।

व्यभिचार करके स्त्रियों को जला कर शर्मसार भी किया,
अपराधियों को रोकने के लिए
हमने दरिंदो के साथ क्यों नही ऐसा ही प्रतिकार किया।

अब महिलाओं का साथ तभी मिलेगा,
जब व्यभिचारियों के लिए सख्त कानून बनेगा।

संजीव

# सिसकती, कराहती मानवता

**संजीव**

**पूरा विश्व** जहां महिला सशक्तिकरण और बच्चों को कुपोषित होने के लिए सशक्त मुहिम चला रहा है वहीं दूसरी तरफ युद्ध और हिंसा मानवता के चिथड़े उड़ा रहा है। ताजा-ताजा हमास और इजरायली युद्ध में बच्चों और महिलाओं पर अत्याचार देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं इसी तरह यूक्रेन रूस युद्ध में सर्वाधिक नुकसान बच्चों और महिलाओं की मौत से ही हुआ है। युद्ध और हिंसा से चाहे पिता,भाई या पुत्र की मृत्यु हो परिणाम स्त्रियों को ही भुगतना पड़ता है। घरों के टूटने और नष्ट होने पर भी स्त्रियों बच्चों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है स्त्रियां,बच्चे बेघर होकर अनाथ हो जाते हैं हर तरफ त्राहिमाम मच जाता है। इसराइल हमास युद्ध में हजारों स्त्रियां और बच्चे मौत से साक्षात्कार कर रहे हैं, मानवता सिसक रही है मौत का तांडव अपना परचम लहरा रहा है रूस यूक्रेन युद्ध में भी सर्वाधिक नुकसान महिलाओं तथा बच्चों का ही हुआ है। हिंसा और युद्ध से सर्वाधिक नुकसान महिलाओं और बच्चों का ही क्यों होता है? क्या इसे रोका नहीं जा सकता है। इसी तरह मणिपुर की महिलाओं पर शर्मनाक और अमानवीय पुरुष समाज की हरकतों से पूरा समाज और पूरा देश लज्जित हुआ है। छोटी बच्चियों से लेकर बड़ी बूढ़ी महिलाओं तक शारीरिक, सामाजिक शोषण समाज के लिए एक काला अध्याय था ' हम अपने पशुओं की तरह व्यवहार के कारण लज्जित तो हुए ही पर उसके पश्चात कोई पछतावा दिखाई नहीं देता है। पूरे विश्व समेत देश के कोने कोने से महिलाओं को अपमानित करने की घटनाएं रोज हो रही हैं क्या हमारे नैतिक मूल्य और आस्थाये अब पूर्ण रूप से स्खलित हो चुकी है नैतिक मूल्यों का क्षरण अचानक तेज होता जा रहा है' धन तथा पद और साम्राज्यवाद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैं' समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री और बच्चे ही हर ज्यादति और अत्याचार की शिकार होते रहें? आइये हम भी अपने देश का भी एक विवेचनात्मक विश्लेषण करें । प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही है' शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है देश की आबादी की 45% आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है,यह एक चिंतनीय समाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी है' भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है' वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं।

## विचार

# इजरायल-हमास युद्ध - भारत नें ऑपरेशन अजय लॉन्च किया

**किशन भावनानीं गोंदिया**

**वैश्य स्तर**पर आज आए दिनों काफी तेजी से राजनीतिक उठा पठक, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ते जा रहा है, जिसके दूरगामी दुष्परिणाम होने की संभावना बढ़ गई है। पहले से ही इस रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया तीन भागों, पक्ष विपक्ष और तटस्थ में बट गई है, जिसे तीसरे विश्व युद्ध की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता परंतु अब तो इस संभावना को पंख लगते हुए नजर आ रहे हैं, क्योंकि पूरे पश्चिमी देश इजराइल के समर्थन में आ गए हैं तो इधर ईरान पाकिस्तान लेबनान सहित कुछ देश फिलिस्तीन के समर्थन में उतर गए हैं, कुछ देशों द्वारा मानवीय अधिकार के उल्लंघन की बात उठाई गई हैहालांकि इस ओर यूएन ने भी इशारा कर दिया है। उधर अमेरिका का युद्ध पोत युद्ध के रक्षा सामानों का जखीरा बारूद सहित लेकर इसराइल पहुंच चुका है, जबकि दूसरा बेड़ा भेजने की तैयारी की जा रही है ऐसा अमेरिकन राष्ट्रपति ने मीडिया में कहा है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि युद्ध काफी लंबा खिंच सकता है, इसे देखते हुए भारत ने भी दिनांक 11 अक्टूबर 2023 को देर शाम ऑपरेशन अजय लॉन्च कर दिया है, जिससे अपने नागरिकों को वापस भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चूंकि यह युद्ध लंबा खिंचेगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अब फिलिस्तीन इजरायल युद्ध से भू-राजनीतिक अविश्वास बढ़ाने को पंख लग गए हैं।

साथियों बात अगर हम ऑपरेशन अजय की करें तो विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा कि इजरायल से लौटने वाले हमारे नागरिकों की वापसी के लिए ऑपरेशन अजय लॉन्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विशेष चार्टर उड़ानें और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विदेश में हमारे नागरिकों की सुरक्षा और भलाई के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

साथियों बात अगर हम इजरायल के समर्थन वाले देशों की करें तो, इजरायल और हमास मेंज्यादातर ताकतवर देश इजरायल के साथ हैं। अमेरिका ने तो खुलकर इजरायल का समर्थन किया है।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यहां तक कह दिया है कि अन्य देश इस संघर्ष से दूर रहे। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने इस्त्राइल में जारी संघर्ष पर चर्चा के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं से बात की है। सुनक ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ अपने संयुक्त बयान में इस्त्राइल के लिए दृढ़ता और एकजुटता के साथ समर्थन जाहिर किया। उन्होंने आतंकवादी हरकतों के लिए हमास की का कोई औचित्य नहीं है और इसकी हर तरह से निंदा की जानी चाहिए। बयान में कहा गया कि हमारे देश इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ अपनी और अपने लोगों की रक्षा करने के प्रयासों में इस्त्राइल का समर्थन करेंगे। हम इस बात पर भी जोर देते हैं कि इस्त्राइल के प्रति शत्रुता का भाव रखने वाले किसी भी संगठन के लिए यह समय इन हमलों का लाभ उठाने का नहीं है। इन पांच नेताओं ने कहा कि वे फलस्तीनी लोगों की वैध आकांक्षाओं को मान्यता देते हैं। इस्त्राइल और फलस्तीनियों के लिए न्याय और स्वतंत्रता के समान उपायों का समर्थन करते हैं। लेकिन हमास फलस्तीनी लोगों की इन आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

साथियों बात अगर हम फिलिस्तीन के समर्थन वाले देशों की करें तो, ईरान, कतर, कुवैत, लेबनान, यमन, इराक और सीरिया पूरी तरह से फिलिस्तीन के साथ हैं। पिछले दिनों इजरायल से संबंध सुधारने की दिशा में काम कर रहे सऊदी अरब ने भी इजरायल को चेतावनी दी है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने हमास के हमले को फिलिस्तीनियों का सेल्फ डिफेंस एक्ट बताया था। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि ये ऑपरेशन सत्ता हथियाने वाले शासन के चरमपंथियों के प्रति फिलिस्तीनियों की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी। उन्होंने बाकी मुस्लिम देशों से अल अक्सा मस्जिद और फिलिस्तीनियों के अधिकारों का समर्थन करने का आह्वान किया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादकः रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## ब्यूटी टिप्स

# शहनाज हुसैन के खूबसूरती टिप्स

**तरबूज का जूस प्रयोग करें**
तरबूज का जूस एक अच्छा स्किन टोनर है और रूखेपन को कम भी करता है।
यह त्वचा को ठंडक, रिफ्रेश और कोमल बनाता है। इसका रस चेहरे पर 20 मिनट तक लगाएं और फिर पानी से धो लें। सभी त्वचा के लिये फ्रूट मास्क केला, सेब, पपीता और संतरा जैसे फलों को मिक्स कर के मास्क बना कर चेहरे पर लगाएं। 30 मिनट के बाद चेहरे को धो लें। इससे चेहरे को ठंडक पहुंचेगी, डेड स्किन साफ होगी और सन टैनिंग मिटेगी।

**2 ---कूलिंग मास्क----------**
खीरे के रस में 2 चम्मच पावडर वाला दूध और एक अंडे का सफेद भाग मिला कर पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे और गरदन पर लगाएं और जब सूख जाए तब पानी से धो लें।

**3--- ऑइली स्किन के लिये मास्क**-1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी में गुलाब जल मिला कर पेस्ट बना कर चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद इसे पानी से धोलें।

**4 ----- टी बैग का प्रयोग ------**
टी बैग भी अच्छा काम कर सकते हैं। इन्हें गरम पानी में कुछ देर के लिये डालें और निचोड़ कर आंखों पर आई पैड बना कर रखें।

**5 --- रूखे, सूखे और बेजान बाल**
पानी के साथ थोड़ा सा क्रीमी हेयर कंडीशनर मिला कर स्प्रे बॉटल में भर कर रखें। बालों पर इससे स्प्रे करें और फिर कंघी से बाल झाड़ कर पूरे बालों पर इसे फैला लें।

**6 ---आई मेकअप ----------**
दिन में हमेशा आई पेंसिल का प्रयोग करें या फिर पलको को ब्राउन या ग्रेड आई शैडो से लाइन करें। इससे आंखों को सॉफ्ट इफेक्ट मिलेगा। उसके बाद आंखों पर केवल एक या दो कोट्स मस्कारा के लगाएं। इससे आंखे गहरी और चमकदार दिखेंगी।

**7 ---लिपस्टिक-------**
लिपस्टिक के लिये बहुत गहरा रंग ना चुनें जैसे, महरून आदि। आपको लाइट पेस्टल कलर जैसे पिंक, लाइट ब्राउन, कॉपर या पीच रंगों का चुनाव करना चाहिये। या फिर केवल लिप ग्लॉस ही चुनें।

# जिसकी जैसी सोच

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**सर्विस रोड** से सटकर एक गाँव था। उसके बाहरी इलाके में दो गर्म खून वाले युवक बाइक से फिसलकर गिर पड़े। उधर दूसरी ओर से आ रहे एक ग्रामीण ने जोर से चिल्लाना शुरू किया झ ह्लओ हरिया!, ऐ झब्बल!, अरे सुना हो गणेश! जल्दी आवा-जल्दी आवा! देखा यहाँ जोरदार एक्सीडेंट भयल बा!ह्ल सभी खेत में से अपने काम छोड़-छाड़कर दौड़ते हुए आने लगे। उधर गणेश ने अपने गाँव के वाट्सप समूह में संदेश भेज दिया कि फलाँ के खेत के पास एक्सीडेंट हुआ है, जल्दी से आ जाइए। उधर गाँव के भीतर जब यह खबर पहुँची तब किसी ने किसी को बताया कि गाँव के बाहर एक्सीडेंट हुआ है, तो उसने अपने साथियों को फोन लगाया और चिल्लाते हुए कहने लगा झ ह्लअरे सुनते हो! गाँव के बाहर एक्सीडेंट हुआ है न जाने कितने लोग मर गए हैं पता नहीं, जल्दी करो।ह्ल यह घटना अंधों के बीच हाथी वाली थी। जिसे जो समझ में आया वह बताने लाग। फिर क्या था सभी दुर्घटनास्थल पहुँचने के लिए आतुर होने लगे। जिसके पास जो गाड़ी थी वह उसी पर निकल पड़ा। जिनके पास कुछ नहीं था वे गाँव के टैंपो में ठूस-ठूस कर ऐसे बैठे जैसे एक्सीडेंट नहीं मेला देखने जा रहे हैं। कुछ सहानुभूति के लिए च...च...च...च...च... कहता तो कोई कहता बहुत दिन हुआ एक्सीडेंट देखे। एक बुजुर्ग जो एक्सीडेंट में घायल युवक को गौर से देख रहा था, अचानक कहने लगा झ ह्लअरे-अरे! कितना जोरदार एक्सीडेंट हुआ है। जहाँ-तहाँ बदन छिल गया है। खून तो एकदम झरने के जैसा बहा जा रहा है।ह्ल साथ में एक और बुजुर्ग खड़ा था, वह कहने लगा झ ह्लजल्दी से अस्पताल को फोन लगाया जाए, हो सकता है बच जाए।ह्ल पहले बुजुर्ग ने आँखें मूँदकर सिर हिलाते हुए कहा झ ह्लकोई फायदा नहीं। फोन का बैलेंस बर्बाद करने के सिवाय। देखते नहीं कितनी सारी अंदरूनी चोटें आई हैं। बचना मुश्किल है।ह्ल
पीड़ा से कराहते हुए एक युवक ने कहा झ ऐसा मत कहिए। जल्दी से एंबुलेस वालों को फोन लगाइए। बड़ा दर्द हो रहा है।ह्ल तभी एक और आदमी पहुँचा।

## न्यूज फ्लैश

### ब्लैकबेरीज ने भारत की पैरालंपिक समिति के साथ की साझेदारी



**नई दिल्ली।** ब्लैकबेरीज, एक महत्वाकांक्षी भारतीय पुरुष परिधान ब्रांड, जो वैश्विक भारतीयों की फैशन आवश्यकताओं को पूरा करता है, इस महीने के अंत में चीन के हांगझोऊ में होने वाले आगामी चौथे एशियाई पैरा खेलों के लिए "आधिकारिक औपचारिक भागीदार" के रूप में भारत की पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग के भाग के रूप में, यह प्रतिष्ठित भारतीय कपड़ों का ब्रांड, जिसे उसके नवीन, स्टाइलिश और शार्प-फिटिंग रेंज की त्रुटिहीन गुणवत्ता के लिए जाना जाता है, 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर, 2023 के बीच होने वाली चैंपियनशिप के लिए चीन की यात्रा करने वाले पैरालंपिक एथलीटों और भारत के प्रतिनिधियों की पोशाक को तैयार करेगा। आज राजधानी में आयोजित विदाई समारोह में एक भव्य प्रेस वार्ता में, ब्लैकबेरीज ने भाग लेने वाले एथलीटों पारुल डी परमार (पैरा बैडमिंटन) और अमित सरोहा (पैरा डिस्कस और क्लब थ्रो) और पीसीआई प्रतिनिधियों के सामने आधिकारिक औपचारिक सूट का अनावरण किया और उन्हें सौंप दिया। इस आयोजन में महत्वपूर्ण व्यक्तियों में श्री गुरशरण सिंह, शेफ डी मिशन, श्री सत्यनारायण, अध्यक्ष – पैरा एथलेटिक्स, श्री राहुल स्वामी, उप प्रमुख डे मिशन, श्री निखिल मोहन–सह–संस्थापक और ब्लैकबेरीज के निदेशक; श्री राजेश सेथुरमन उपाध्यक्ष–ब्लैकबेरीज में ब्रांड अनुभव; ब्लैकबेरीज में आपूर्ति श्रृंखला के महाप्रबंधक श्री प्रवीण गुप्ता और पैरा–एथलीट पारुल डी परमार (पैरा बैडमिंटन) और अमित सरोहा (पैरा डिस्कस और क्लब थ्रो) शामिल थे।

### आईसीआईसीआई बैंक ने लॉन्च किया–आईफाइनेंस–सभी के बचत और चालू खातों के लिए सिंगल व्यू

**नोएडा।** आईसीआईसीआई बैंक ने ह्यआईफाइनेंसह्ल के लॉन्च की घोषणा की है, जो करोड़ों रिटेल और सोल प्रोप्राइटर्स ग्राहकों को एक ही स्थान पर अपने बचत और चालू खातों को देखने की सुविधा प्रदान करता है। अन्य बैंकों के ग्राहक भी इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जिसे आईसीआईसीआई बैंक ने बैंक के डिजिटल प्लेटफॉर्म अर्थात आईमोबाइल पे ऐप, रिटेल इंटरनेट बैंकिंग (आरआईबी), कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग (सीआईबी) और इंस्टाबिज (व्यवसायों के लिए बैंक के मोबाइल ऐप) पर अकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम का लाभ उठाकर शुरू किया है। ह्यआईफाइनेंस सभी खातों का सिंगल व्यू डैशबोर्ड प्रदान करता है। उपयोगकर्ता खाते की शेष राशि की जांच कर सकते हैं, खर्च के पैटर्न पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, स्टेटमेंट डाउनलोड कर सकते हैं और इनके अलावा भी बहुत कुछ कर सकते हैं। डैशबोर्ड उपयोगकताओं को महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान करता है और उन्हें खर्चों पर बेहतर नियंत्रण रखने और निर्बाध तरीके से अपने वित्त की निगरानी करने में सहायता करता है। ह्यआईफाइनेंसह्ल की लॉन्चिंग पर टिप्पणी करते हुए, श्री सिद्धार्थ मिश्रा, हैड - डिजिटल चैनल्स, आईसीआईसीआई बैंक ने कहा, ह्यह्यआईसीआईसीआई बैंक में हम अपने ग्राहकों को फ्यूचरिस्टिक और इनोवेटिव डिजिटल समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ह्यआईफाइनेंसह्ल की लॉन्चिंग के साथ, हम अपने ग्राहकों के साथ–साथ अन्य बैंकों के ग्राहकों को भी अपने खाते का डेटा एक ही स्थान पर देखने और उन्हें अपने वित्त पर बेहतर नियंत्रण प्रदान करने में सक्षम बना रहे हैं।

### श्नाइडर इलेक्ट्रिक की 'इनोवेशन यात्रा' पहुंची फरीदाबाद

**फरीदाबाद।** एनर्जी मैनेजमेंट के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और नेक्स्ट जनरेशन ऑटोमेशन सॉल्यूशन में ग्लोबल लीडर, श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने भारत में कंपनी के परिचालन की 60वीं वर्षगांठ मनाने के लिए श्नाइडर इलेक्ट्रिक इनोवेशन यात्रा की शुरूआत की है। इस यात्रा के अंतरगर्त, श्नाइडर इलेक्ट्रिक का कार्बन न्यूट्रल मोबाइल इनोवेशन हब, आज वाटिका माइंडस्केप्स, सेक्टर – 27डी, फरीदाबाद में तैनात किया गया, जहां नीति निमार्ताओं, कॉर्पोरेट्स, सरकारी अधिकारियों, छात्रों और लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।
यह कार्बन न्यूट्रल यात्रा, भारत के 60 से अधिक शहरों में जाएगी, जिसका उद्देश्य है, देश में श्नाइडर इलेक्ट्रिक की 60 साल के सफर और आईओटी, इलेक्ट्रिसिटी 4.0, ऊर्जा प्रबंधन और नेक्स्टजेन ऑटोमेशन क्षेत्र में डिजिटलीकरण तथा सस्टेनेबिलिटी में प्रगति के बारे में ज्ञान प्रदान कर, राष्ट्र निर्माण का समर्थन करने की निरंतर प्रतिबद्धता को उजागर करना। इसका उद्देश्य है, 2 करोड़ से अधिक नागरिकों, कॉरपोरेट, उद्योग विशेषज्ञों, नीति निमार्ताओं, भागीदारों, ग्राहकों, किसानों, इलेक्ट्रीशियन, संस्थानों, सरकार और अन्य लोगों से जुड़कर सस्टेनेबिलिटी और डिजिटलीकरण का संदेश फैलाना।

# पारंपरिक कामगारों के हुनर को मिलेगा बढ़ावा

## पारंपरिक हस्तशिल्प की कला को प्रोत्साहित कर और आगे बढ़ाना सरकार का उद्देश्य:

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**केंद्र सरकार** के वित्त विभाग के सचिव विवेक जोशी ने गुरूवार को वर्चुवल माध्यम से विश्वकर्मा योजना की वर्तमान स्थिति जानने को लेकर देशभर के उपायुक्त के साथ समीक्षा बैठक की व आवश्यक दिशा देते हुए कहा कि इस योजना के जरीये परम्परागत मजदूरों के विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देना सरकार का उद्देश्य है। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा दिवस पर दस योजनाओं को लॉन्च किया था। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिये की वे ग्राम स्तर पर इस योजना का 16 अक्टूबर तक पोर्टल पर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। जोशी ने बताया कि इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन करने वाले लोगों को न सिर्फ ट्रेनिंग दी जाएगी, बल्कि इस योजना के अंतर्गत रोजगार स्थापित करने के लिए 1 लाख रुपये तक का लोन 5 प्रतिशत की दर पर मुहैया कराया जायेगा। इस योजना के तहत दिये जाने वाले प्रशिक्षण के खत्म होने पर औजार खरीदने के लिए 15 हजार रुपये दिए जाएंगे। प्रार्थी इस योजना के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदक हरियाणा का स्थायी निवासी होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। उसके पास आधार कार्ड,पहचान पत्र,निवास प्रमाण पत्र,मोबाइल नंबर,जाति प्रमाणपत्र,बैंक अकाउंट पासबुक होनी चाहिये।



**बैठक**

8 विश्वकर्मा योजना की वर्तमान स्थिति जानने को लेकर उपायुक्त के साथ समीक्षा बैठक की

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि निपूण और पारंपरिक कामगारों के हूनर को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने विश्वकर्मा योजना शुरू की है। इसके तहत हूनरमंद कारगीरों को 5 दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा व उनके ट्रेड से संबंधित टूल कीट भी मुहैया कराई जायेगी। कामगार सीएससी के माध्यम से ऑनलाइन वेब पोर्टल पोर्टल पर आवेदन करके इसका लाभ ले सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि आवेदन के समय प्रार्थी के पास आधार कार्ड पहचान पत्र निवास प्रमाण पत्र,जाति प्रमाणपत्र, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो होने चाहिये। इस योजना का लाभ 18 कटेगरियों के पारंपरिक कारीगरों व दस्तकारों को मिलेगा प्रशिक्षण पाने वालों को छोटे उद्योग स्थापित करने को लेकर 1 लाख से 3 लाख तक का लोन मुहैया कराकर जायेगा। इस योजना के तहत प्रति वर्ष ज्यादा से लोगों को काम काज मिलेगा।

# 'सरकार को ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगे माननी चाहिए'

## नेता संदीप गर्ग ने धरने पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को दिया समर्थन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)पिपली के** गांव बिहोली पंचायत कार्यालय में पीपली ब्लॉक के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। गुरुवार को नेता संदीप गर्ग ने कर्मचारियों के बीच पहुंचकर अपना समर्थन दिया। नेता संदीप गर्ग ने कहा कि सफाई कर्मचारी अपनी जान की बिना परवाह करें सफाई आदि करने का काम करते है। सरकार को जल्द से जल्द कर्मचारियों की मांगे माननी चाहिए। वहीं सफाई कर्मचारी प्रधान रिन्कू समानी ने कहा कि पूरे प्रदेश भर में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की प्रमुख मांगे हैः ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की पॉलिसी बनाकर उन्हें पक्का किया जाए, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की भर्ती 400 की आबादी पर की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में से ही सुपरवाइजर नियुक्त किया जाए, जिन कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है उनके परिजनों को नौकरी दी जाए। उन्होंने कहा कि उनके रिटायर होने पर दस लाख रुपए आर्थिक सहायता की जाए। मौके पर सरपंच एसोसियासिन जिला प्रधान जितेंद्र खैरा, विक्रम सिंह बजिदपुर , रिंकू अमीन, गोबिंदा, बीरा राम मथाना, संदीप कुमार, जिया लाल, राजेंद्र कुमार, गौरव मथाना, राजपाल सिंह, कुलविन्द बोढ़ी, गुलाब सिंह सिरसला, कर्मवीर सिंह आदि मौजूद थे।

# शहीदों की शहादत को हमेशा याद रखना चाहिए: बीइओ सुदेश कुमारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरनाला में खण्ड स्तरीय कार्यक्रम ह्लमेरी माटी मेरा देशह्ल का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में शहीद गुरसेवक सिंह व अन्य शहीदों को पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई । खण्ड के विभिन्न स्कूलों से लाई गई मिट्टी को अमृत कलश में भरकर शहीद गुरसेवक सिंह को नमन किया गया और अमृत कलष को चण्डीगढ़ भेजा गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुदेश कुमारी दवारा की गई उन्होंने ने शहीदों को पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी और अपने सम्बोधन में कहा कि हमे अपने देश के शहीदों की शहादत को हमेशा याद रखना चाहिए जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणो की आहुति दी ` कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में शहीद गुरसेवक सिंह के पिता सुच्चा सिंह उपस्थित रहे । इस अवसर पर बीआरसी नरोत्तम सिंह, प्रधानाचार्या नीलम पघानी, सरपंच सुखदेव सिंह व पंचायत सदस्य, एसएमसी प्रधान एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। ह्लमेरी माटी मेरा देशह्ल अभियान के तहत सभी उपस्थित अतिथिगणों, स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने पंच प्राण प्रतिज्ञा ली । इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा देश-भक्ति का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।



# धान खरीद कार्यो को लेकर उपायुक्त ने प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**उपायुक्त डॉ.** शालीन ने अपने कार्यालय में जिले में चल रही धान खरीद कार्यो के दृष्टिगत खरीद एजेसिंयों के प्रतिनिधियों, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व राईज मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक लेते हुए जानकारी हासिल कर विस्तार से समीक्षा की और खरीद एजेसिंयों के प्रतिनिधियों को कहा कि वे बेहतर समन्वय बनाकर मिलर्स को धान का वितरण करने का कार्य करें। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने खरीद एजेन्सियों के साथ-साथ राईज मिलर्स ऐसोसिएशन के प्रधानों व अन्य से चर्चा करते हुए धान खरीद कार्य में किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं आ रही हैं।

# हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नालिस्ट ने पत्रकारों की पेंशन वृद्धि पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**हरियाणा यूनियन** ऑफ जर्नालिस्ट (ट्रेड) ने पत्रकारों की पैंशन बढ़ाए जाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल का आभार व्यक्त किया है। वीरवार को यूनियन के पदाधिकारियों ने यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष आर.पी.वशिष्ट की अध्यक्षता में मीडिया कॉर्डिनेटर रणदीप घणघस को धन्यवाद पत्र सौंपा व पत्रकारों की पेंशन 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार करने पर आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री के पत्रकारों की पैंशन बढ़ाने के फैसलें को लेकर मीडिया जगत में प्रशंसा की जा रही है। राज्य सरकार हमेशा से पत्रकारों के हित के साथ जुड़ी है।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारो की पेंशन में वृद्धि करके पत्रकारों का मान-समान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस वृद्धि से पत्रकारों का मनोबल बढ़ेगा। धन्यवाद पत्र सौंपने के दौरान हुकुमचंद मेहता, कमाल हुसैन, रामकुमार इत्यादि उपस्थित रहे।



# साइबर अपराध से बचाव विषय पर एक दिवसीय सैमीनार का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) आर्य गर्ल्ज** कॉलेज, अम्बाला छावनी के रोटेक्ट क्लब व कम्प्यूटर विभाग द्वारा साइबर अपराध से बचाव विषय पर एक सैमीनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मिस नीलिमा, अध्यक्ष, इटरीश फांउडेशन तथा मनन और उदय ने छात्राओं को बताया कि साइबर अपराध एक ऐसा अपराध है जिसे कम्प्यूटर और नेटवर्क के गलत प्रयोग से किया जाता है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने सैमीनार के अतिथियों का स्वागत किया और धन्यवाद दिया कि उन्होंने यह सैमीनार आयोजित कर छात्राओं को इसके प्रति आगाह करवाया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध बढ़ता जा रहा है और इसके अगले शिकार आप भी हो सकते हैं। इसलिए हमें इससे सतर्क रहना चाहिए। कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अमनदीप मक्कड़ ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि इस ज्ञान को अपने तक सीमित न रख कर सभी से सांझा करें। उन्होंने कहा कि ह्यह्यजीवन रहेगा खुशहाल तभी जब सुरक्षा नियमों को अपनाएंगे सभीह्लह्ल। प्रो. शीनम चुघ ने सैमीनार का सफल आयोजन में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि हमारा सबसे पहला काम है सुरक्षा क्योंकि जीवन सबसे अनमोल है। रोटेज्क्ट क्लब ऑफ आर्य गर्ल्ज कॉलेज की अध्यक्ष रोटेज्क्टर मिस युक्ति और रोटेज्क्टर अर्शप्रीत ने सैमीनार के आयोजन में अहम भूमिका निभाई। मिस युक्ति ने कहा कि साइबर अपराध को ध्यान में रखते हुए अनजान कॉलों से भी सावधानी बरतनी चाहिए। इस अवसर पर लगभग 70 छात्राएं तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




# एमपीओसी ने अपने यूथ आउटरीच प्रोग्राम के सफल समापन का जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** मलेशियन पाम ऑइल काउंसिल (एमपीओसी) ने प्रतिष्ठित गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में आयोजित अपने यूथ आउटरीच प्रोग्राम के सफल समापन का जश्न मनाया। इस प्रोग्राम ने पाक कृतियों में एक प्रमुख घटक के रूप में पाम ऑइल की विशेष बहुमुखी प्रतिभा और स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। अनुभवी विशेषज्ञों के साथ उभरती पाककला प्रतिभाओं को एकजुट करके, इस प्रोग्राम ने व्यापक प्रशंसा प्राप्त की। "शौकिया" और "विशेषज्ञ" श्रेणियों में विभाजित प्रतियोगिता में प्रत्येक समूह में 40 छात्रों ने भाग लिया। प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए तैयार की गई "शौकिया" श्रेणी में प्रतिभागियों को एक स्टार्टर तैयार करने के माध्यम से अपने पाक कौशल का प्रदर्शन करने के लिए 1 घंटे और 30 मिनट का समय मिला। इस सेगमेंट ने युवा प्रतिभाओं को अपनी रचनात्मकता और खाना पकाने के जुनून को व्यक्त करने के लिए एक कैनवास प्रदान किया, जिससे उनकी पाक यात्रा के लिए मंच तैयार हुआ। मलेशियन पाम ऑइल काउंसिल की सुश्री भावना शाह, गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में युवाओं के साथ बहुमूल्य ज्ञान साझा करने की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रही थीं। अपने संबोधन के दौरान, उन्होंने पाम ऑइल की विशिष्ट विशेषताओं पर प्रकाश डाला, विभिन्न पाक अनुप्रयोगों में इसकी उल्लेखनीय बहुमुखी प्रतिभा, खाना पकाने के लिए इसका उच्च स्मोक बिंदु और स्वस्थ फैटी एसिड की इसकी अनूठी संरचना पर जोर दिया, जो इसे उपभोक्ताओं के लिए एक पौष्टिक विकल्प बनाती है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए पाम ऑइल उद्योग में सस्टेनेबिलिटी पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने मलेशियन पाम ऑइल के 100 साल के इतिहास, इसके वैश्विक लाभों को रेखांकित किया।

# होटल में फौजी ने लड़की से किया दुष्कर्म, इंस्टाग्राम पर हुई थी दोनों में दोस्ती

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल ।** मंडी अटेली कस्बा में एक नाबालिग लड़की के साथ एक फौजी ने दुष्कर्म किया। आरोपी साथ लगते राजस्थान के बहरोड़ कोटपूतली जिले का निवासी है। पीड़िता उत्तर प्रदेश की रहने वाली है जो फिलहाल रेवाड़ी में रहती है। फौजी युवक और लड़की की इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई हुई थी, उसने लड़की को मंडी अटेली के होटल में बुलाया था। लड़की ने पुलिस को बताया है कि इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती मंडी अटेली हरियाणा से सटे राजस्थान के एक गांव के युवक से हुई और दोनों में चैटिंग होती थी। युवक ने उसे मंडी अटेली के एक होटल में बुला लिया और उससे गलत कार्य किया। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि शिकायकर्ता के मंडी अटेली थाने में आने पर नाबालिग होने की बात कही थी।

# झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग और ज्यादा देगा ध्यान

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**सरकार की** मिशन इंद्रधनुष योजना को जिले में कारगर रूप से लागू करने को लेकर जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में टास्क फार्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा विभाग व डब्ल्युसीडी विभाग के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार की इस योजना के तहत बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण 14 अक्टूबर तक होना है। अधिकारी इसे गंभीरता से ले व जिस क्षेत्र में टीकाकरण का कार्य अधुरा है उसे पूर्ण करें। कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरते। उपायुक्त ने बताया कि जहां -जहां टीकाकरण नहीं हो पाया है पाया है पहले इमानदारी से उसका सर्वे करें व उसके बाद टाकीकरण का कार्य करें। उपायुक्त ने स्वस्थ्य विभाग व आयुष विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये की व जहां -जहां जिस मात्रा में टीकाकरण हुआ है उसे पोर्टल पर अपलोड करना ना भुले। उपायुक्त ने बताया कि इंद्रधनुष मिशन योजना को कामयाब करने को लेकर सरपंचों, ग्राम सचिवों की भी सहायता ले सकते हैं। उपायुक्त ने अधिकारियो को निर्देश दिये की वे इस फेज के कार्यक्रम में टीकाकरण का प्रतिशत 100 पार होना चाहिये। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये की वे जागरूकता कार्यक्रम में और गति प्रदान करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंत आहुजा ने बताया कि बापौली व पानीपत का कुछ हिस्सा ऐसे बचा है जहां पर और ध्यान देने की जरूरत है। इसमें शिक्षा विभाग की मदद से इंद्रधनुष मिशन योजना को कामयाब किया जायेगा।




# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे हार्ट एवं कैंसर हॉस्पिटल का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**समर्पण चैरिटेबल** ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर राकेश गर्ग, महासचिव गंगाराम मंगला ने बताया कि 15 अक्टूबर 2023 को प्रातः 11 बजे भारत के 14वें राष्ट्रपति माननीय श्री रामनाथ कोविंद एवं ट्रस्ट से जुड़े लगभग 1000 ट्रस्टियों द्वारा समर्पण हॉट एंड कैंसर हॉस्पिटल का शिलान्यास एक भव्य आयोजन के रूप में किया जाएगा। ट्रस्ट के सचिव संजय बंसल ने बताया हॉस्पिटल दिल्ली से मात्र 20 किलोमीटर दूर और पानीपत से 40 मिनट की दूरी पर टीडीआई सिटी कुंडली जिला सोनीपत में बनने जा रहा है। इसका निर्माण दो चरणों में किया जाएगा प्रथम चरण में एक वर्ष के अंदर 50 बेड का हॉस्पिटल और 3 वर्षों में 500 बेड का हॉस्पिटल समाज को समर्पित किया जाएगा। यह हॉस्पिटल अत्याधुनिक होगा जिसमें हृदय और कैंसर से संबंधित बीमारियों के इलाज के साथ-साथ उन पर शोध कार्य भी किए जाएंगे। सचिव अमित राज गुप्ता ने बताया कि इस हॉस्पिटल में गरीब लोगों के लिए निशुल्क इलाज की सुविधा भी होगी एवं सभी बीमारियों का इलाज रियायती दरों पर किया जाएगा । समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट विगत 9 वर्षों से लगातार निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्त दान शिविर आयोजित कर स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध कराकर लोगो की सेवा कर रहा है। हमारे देश की संस्कृति को बचाने और इसके प्रचार प्रसार और इसके संरक्षण के लिए भव्य श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव और श्री मद भागवत महा पुराण कथा जैसे कार्यक्रमों का आयोजन भी करता रहा है। कोरोना महामारी के समय हजारों लोगो को ऑक्सीजन सिलेंडर और भोजन उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाने के सराहनीय कार्य भी इस ट्रस्ट ने किए हैं। एक मेडिसिन बैंक भी यह ट्रस्ट चला रहा है जिसमें एकत्रित कर उन्हें जरूरतमंद लोगों तक निशुल्क वितरित किया जाता है। ट्रस्ट निशुल्क एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध करा रहा है। प्रकृति के संरक्षण और वातावरण को शुद्ध रखने के लिए वृक्षारोपण जैसे महान कार्य भी आप की संस्था कर रही है समर्पण हार्ट एंड कैंसर हॉस्पिटल के निर्माण से हरियाणा, दिल्ली और देश विदेश के लोगो को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होगी। करनाल, पानीपत और सोनीपत से लेकर दिल्ली तक इस प्रकार का अत्याधुनिक अस्पताल अभी तक उपलब्ध नहीं है।



# आज होगी जिला के करीब 1100 स्कूलों में यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा: प्रदीप कुमार

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**पुलिस** महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे (हरियाणा) करनाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सडक सुरक्षा परीक्षा 13 अक्टूबर 2023 को होगी। जिला कुरुक्षेत्र के करीब 1100 स्कूलों के 1.5 लाख विद्यार्थी यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा देंगे । पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-दर्शन में होने वाली इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक यातायात प्रदीप कुमार ने बताया कि इस परीक्षा को लेकर पुलिस विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को सुबह समय 10 से 11 बजे तक जिला कुरुक्षेत्र के 1100 स्कूलों में जिला के करीब 1.5 लाख लाख विद्यार्थी इस परीक्षा में बैठने वाले हैं। डीएसपी ने कहा कि इस परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



**प्रश्नोत्तरी**


8 जिला कुरुक्षेत्र के करीब 1100 स्कूलों के 1.5 लाख विद्यार्थी यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा देंगे

जानकारी

# कार्डियो एक्सरसाइज के दौरान लें ये 5 चीजें

कार्डियो के एक सेशन के लिए बड़ी मात्रा में ऊर्जा की आवश्यकता होती है। कार्डियो वर्कआउट हृदय गति को बढ़ाकर रक्त और ऑक्सीजन के प्रवाह को बेहतर बनाता है। आपको बता दें कि कार्डियो एक्सरसाइज में दौड़ना, तैरना, साइकिल चलाना और बहुत सारे व्यायाम आते हैं। इसके अंतर्गत आने वाले व्यायामों को कम तीव्रता के साथ शुरू करना पड़ता है जिसकी गति धीरे-धीरे बढ़ती है। कार्डियो एक्सरसाइज से वजन तो तेजी से कम होता ही है साथ ही इससे नियंत्रित तनाव, रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल भी नियंत्रित होता है। अपने कार्डियो सत्र को पूरा करने के लिए आपको अच्छे ऊर्जा स्रोतों की आवश्यकता होती है। आप पूरी तरह से कार्डियो सत्र के लिए अपनी ऊर्जा को फिर से भरने के लिए कार्ब्स पर निर्भर नहीं हो सकते। अन्य कार्डियो फ्रेंडली आहार विकल्प हैं जिनसे आप पर्याप्त ऊर्जा प्राप्त करने के लिए अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

## मिलेगी एनर्जी



### प्रोटीन

प्रोटीन को जिम का सबसे घनिष्ट साथी माना जाता है। प्रोटीन शेक या प्रोटीन युक्त अन्य पदार्थ जिम जाने वालों के लिए वरदान माने जाते हैं। यह आपको तुरंत ऊर्जा प्रदान कर सकता है। आप अपने वर्कआउट के बीच भी इसका सेवन कर सकते हैं। आप भोजन के लिए कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन का संयोजन भी बना सकते हैं। यह एक संपूर्ण भोजन होगा जो आपको तुरंत ऊर्जा प्रदान कर सकता है।

### एनर्जी शेक और स्मूदी

कार्डियो करने वालों के लिए एनर्जी शेक और स्मूदी जबरदस्त स्रोत होते हैं। आप कार्डियो फ्रेंडली स्मूदी तैयार करने के लिए दही के साथ अपनी पसंद के फल को मिला सकते हैं। आप अपने कार्डियो सत्र से पहले या सत्र के बीच में शेक या स्मूदी पी सकते हैं। आपको फल के पोषक तत्व प्रदान करेगा। उन्हें तैयार करने के लिए मौसमी फलों का उपयोग करना सबसे अच्छा तरीका है।

### फाइबर युक्त आहार

फाइबर एक स्मार्ट विकल्प है, जब कार्डियो फेंडली खाद्य पदार्थों की बात आती है। फाइबर वजन घटाने के अनुकूल होने के साथ-साथ यह आपको लंबे समय तक भरा हुआ रखता है और आपको बार-बार भूख नहीं लगती है। यदि आप अपने आहार में अधिक फाइबर शामिल करते हैं तो आप अनावश्यक कैलोरी का उपभोग करने की संभावना कम करते हैं।

### नट्स और सीड्स

नट्स और सीड्स का मिश्रण आपको तुरंत ऊर्जा दे सकता है। मुट्ठी भर नट आपके लिए आवश्यक ऊर्जा देने के लिए पर्याप्त हैं। नट्स और सीड्स आपको अधिक समय तक भरे रखते हैं और आपको बेकार की चीजों को खाने से रोकते हैं। नट्स और सीड्स में से कुछ जिन्हें आप अपने आहार में शामिल कर सकते हैं, उनमें हैं- बादाम, फ्लैक्स सीड्स, भांग के बीज, चिया सीड्स और अखरोट।

### साबुत अनाज

साबुत अनाज अपने आप में ही कई पोषक तत्वों का स्त्रोत होता है। साबुत अनाज का सेवन आपको वजन कम करने में मदद करने के लिए आपको पर्याप्त फाइबर प्रदान करेगा। साबुत अनाज में कार्ब्स की मात्रा अधिक होती है जो कार्डियो फूड के अनुकूल बनाती है। आप विभिन्न तरीकों से अपने आहार में साबुत अनाज शामिल कर सकते हैं। साबुत अनाज आपको कार्डियो के लिए अधिक ताकत प्रदान करेगा और आपकी मांसपेशियों के लिए ईंधन का काम करेगा।





# गर्भावस्था के बारे में ये बातें कोई नहीं बताता आपको

जो गर्भावस्था एक महिला के जीवन के सबसे रोमांचक और चुनौतीपूर्ण समय में से एक है, लेकिन कई महिलाएं मातृत्व के इस नौ महीने की इस यात्रा को बहुत कम जानते हुए शुरू करती हैं। ऐसी कई बातें है जिनका उल्लेख महिलाओं को तब होता है जब वह उनके साथ होती है।

### श्रोणि में दर्द

गर्भावस्था के दौरान एक महिला का शरीर जन्म देने के लिए तैयार होने के कारण कई सामान्य परिवर्तनों से गुजरना पड़ता है। इस दौरान रिलैक्सिन नामक हार्मोन के स्राव, स्नायुबंध, मसल्स और नसों को अधिक से अधिक लचीलापन देता है। इसके अलावा, रिलैक्सिन बच्चे के सिर को नीचा लाने के लिए एक महिला के श्रोणि पर्याप्त लचीला बनाता है। इस अतिरिक्त लचीलेपन के साथ मसल्स को खींचाव आसान होता है। कभी-कभी गर्भावस्था के अंतिम दिनों में, जोड़ महिला के श्रोणि के दो हिस्सों को एक साथ कसकर रखते हैं, बिल्कुल अलग होकर एसपीडी का कारण बनता है। इससे महिला के खड़े होने, घूमने और बैठे रहने पर श्रोणि और पीठ में दर्द होने लगता है।

### भावनात्मक बदलाव

प्रोफेसर ग्लोवर के अनुसार गर्भवती में अन्य महिलाओं की तुलना में चिंता और अवसाद के लक्षण अधिक देखने को मिलते हैं। इस दौरान किसी भी महिला में असामान्य भावनात्मक परिवर्तन होना सामान्य ही माना जाता है। हॉर्मोन्स में हो रहे बदलावों के चलते महिलाओं के स्वभाव में तो परिवर्तन आता ही है और वे अधिक गुस्सा करने लगती हैं। उनका स्वभाव चिड़चिड़ा और अजीब सा हो जाता है। इसके अलावा हार्मोनल बदलाव, विशेष रूप से गर्भावस्था के पहले तीन महीनों में होने वाले बदलाव महिला के मन को प्रभावित कर उसे बीमार, थक हुआ और रुआंसा महसूस कराते हैं। लेकिन यह बदलाव बच्चे के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है।

### मसूड़ों से खून बहना

कई बार गर्भवती महिलाओं को मसूड़े से खून आने की दिक्कत अधिक होती है। इसे प्रेग्नेंसी जिन्जवाइटिस भी कहते हैं। इसमें हार्मोनल बदलाव की वजह से मसूड़ों तक सही तरीके से ब्लड नहीं पहुंच पाने के कारण मसूड़े कमजोर होने लगते हैं और उनसे खून निकलता है। इसलिए महिलाओं को ब्रश करते समय या फ्लॉस करते समय आपके दांतों में से खून आता है तो आपको डेंटिस्ट के पास तुरन्त जाना चाहिए। साथ ही अपने दांतों की अच्छी तरह से देखभाल के लिए नियमित रूप से चेकअप के लिए अपने दंत चिकित्सक के पास जाये।

### कब्ज

अधिकांश महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान कब्ज की शिकायत रहती है। हार्मोन्स में आए बदलाव के कारण शरीर की पाचन प्रक्रिया धीमी होने पर आंतों की शिथिल मांसपेशियां कब्ज पैदा करने लगती हैं। गर्भावस्था के आखिरी दो तिमाही में आंतों पर गर्भाशय का दबाव कब्ज पैदा कर देता है। इससे निजात पाने गर्भवती को अपने नियमित आहार में फाइबर (रेशेदार) युक्त खाद्य पदार्थ जैसे फल एवं सब्जियों व दालों का ज्यादा से ज्यादा मात्रा में सेवन करना चाहिए। खूब पानी पिएं। कैफीन युक्त पेय पदार्थों के सेवन करने से बचें, क्योंकि कैफीन से आपका शरीर नियमित रूप से मल त्यागने के लिए आवश्यक द्रवों को नष्ट कर देता है। इसके अलावा हल्के व्यायाम को शामिल करें।

## गर्भावस्था में इन बातों को नहीं जानती आप

गर्भावस्था एक महिला के जीवन के सबसे रोमांचक और चुनौतीपूर्ण समय में से एक है, लेकिन कई महिलाएं मातृत्व के इस नौ महीने की इस यात्रा को बहुत कम जानते हुए शुरू करती हैं। इम्पीरियल कॉलेज ऑफ लंदन के प्रोफेसर विवेते ग्लोवर फ्रॉम के अनुसार गर्भधारण करने के बाद महिला का शरीर कई बदलावों से गुजरता है। महिला के शरीर में बदलाव हार्मोन में परिवर्तन के कारण होते हैं। लेकिन ऐसी कई बातें है जिनका उल्लेख महिलाओं को तब होता है जब वह उनके साथ होती है। आइए ऐसी ही कुछ बातों की जानकारी हम आपको देते हैं।

### बवासीर

लगभग 50 प्रतिशत गर्भवती में बवासीर की समस्या देखने को मिलती है- जिसमें मलाशय में सूजन और उभड़ी हुई नसों की समस्या, आमतौर पर प्रसव के बाद बेहतर हो जाती है। गर्भावस्था के दौरान गर्भाशय के विस्तार से मलाशय नसों पर अधिक दबाव पड़ने से बवासीर की समस्या होने लगती है। इस समस्या के चलते खुजली और खून बहने के साथ लंबे समय तक बैठने पर असहज महसूस होता है।

### बालों के टेक्सचर में बदलाव

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के बालों की ग्रोथ के साथ-साथ उनके टेक्सचर में भी काफी बदलाव दिखता हैं। यह सब गर्भावस्था के दौरान महिलाओं मे आए हॉर्मोनल बदलाव के कारण होता है, इसको एस्ट्रोजन नामक हॉर्मोन प्रभावित करता है। जिसके बढ़ने से बाल अधिक घने और चमकदार होने लगते हैं। बच्चे को जन्म देने के बाद ये साइकल सामान्य हो जाते हैं। लेकिन डिलीवरी के बाद कई महिलाओं को हेयर फॉल की शिकायत रहती है। क्योंकि ऐसे मे पहले ही बढ़े हुए बालों का बढ़ना रुक जाता है और वह सब एक साथ गिरने लगते हैं।

### सुनाई कम देना

गर्भावस्था हार्मोन कभी-कभी अस्थायी सुनवाई हानि या टिनिटस (कान में घंटी जैसा बजना) का कारण भी बनता है। कुछ गर्भवती महिलाओं, विशेष रूप से एलर्जी से ग्रस्त महिलाओं में साइनस की समस्या अधिक देखने को मिलती है। भीतरी कान में तरल पदार्थ के साथ नम और संचार प्रणाली के साथ जुड़े होने के कारण, गर्भावस्था में रक्त की मात्रा के बढ़ने पर महिलाओं के कंबुकर्णी नली को प्रभावित कर, कान के अवरूद्ध होने की भावना पैदा करता है। चाहे आप गर्भवती है या नहीं, लेकिन ठंड जैसे वायरस के पकड़ने पर समस्या दूर होने तक अस्थायी रूप से आपको कम सुनाई देता है।

सुझाव

# स्वस्थ फेफड़ों के लिए लें खास आहार



हमारा खान-पान कैसा हो जो फेफड़ों के लिए फायदेमंद रहे। अगर फेफड़ों में कोई परेशानी हो, तो अपने खाने में क्या शामिल करें प्रदूषण, धूम्रपान आदि के दुष्प्रभावों के कारण छाती व फेफड़ों से संबंधित परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। हम आहार पर थोड़ा-सा गौर करके अपने फेफड़ों को ज्यादा सेहतमंद बना सकते हैं।

### क्या खाएं



विटामिन सी युक्त भोजन और फल लें। इनमें खट्टे फल, नीबू, संतरा, मौसमी आदि प्रमुख है। संतुलित आहार लें, जो दाल और अन्न से परिपूर्ण होना चाहिए। यदि फेफड़ों से संबंधी कोई परेशानी है या फेफड़ों में किसी तरह के संक्रमण की शिकायत है तो प्रोटीन से भरपूर डाइट लें, ताकि शरीर में हुई क्षति को जल्दी ठीक किया जा सके। प्रोटीन के लिए सोयाबीन, सभी तरह की दालें, पनीर, अंडा आदि खा सकते हैं। दिन में कम-से-कम डेढ़ से दो लीटर पानी अवश्य पिएं। इससे बलगम को बाहर निकलने में सहायता मिलती है। फलों से मिलने वाले विटामिन्स और मिनरल्स फेफड़ों को दुरुस्त रखने में सहायक होते हैं। मौसमी फल खाना अधिक हितकर होता है। खाने-पीने का समय निर्धारित करें और नियमित अंतराल पर खाएं।

### मौसम के अनुरूप यह रखें ध्यान

आजकल के उमस भरे मौसम में फेफड़ों को स्वस्थ रखने या उनसे संबंधित परेशानी से राहत के लिए पानी खूब पिएं। फेफड़ों से संबंधित किसी तरह की परेशानी है तो बहुत खट्टा या ठंडा न खाएं। इससे फेफड़ों में सूजन की आशंका रहती है। शरीर को एकदम सर्दी से गर्मी या गर्मी से सर्दी में ले जाने से बचें।

### क्या नहीं खाएं

बासी भोजन न करें। इससे फेफड़ों को नुकसान पहुंचता है और पाचन तंत्र भी बिगड़ता है। यदि फेफड़ों का किसी तरह का रोग है, तो तेज मसाले और तला-भुना खाने से भी बचें, क्योंकि इससे एसिडिटी की शिकायत हो सकती है, जो फेफड़ों के लिए बहत हानिकारक होती है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितीयों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

## काकुरो पहेली - 2615




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 2614 का हल



## लॉफिंग जोन

रमन और चमन दवा बेचने का काम करने लगे।

चमन- यह दवा ले लीजिए, इसे खाने वाला सदा जवान रहता है, कभी बूढ़ा नहीं होता। मुझे देखिए अभी मेरी उम्र अभी सिर्फतीन सौ साल है।

दुकानदार (पास खड़े व्यक्ति से बोला)- क्या तुम्हें ये तीन सौ साल के लगते हैं।

रमन- यह मैं कैसे बताऊँ! मैं तो इनके साथ डेढ सौ साल से हूँ।

□ □ □

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

□ □ □

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।


चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली-2615



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की 'होरी खेले' गीत वाली फिल्म-४
४. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली अमिताभ, जैकी श्रॉफ, मधु सप्रे, कैटरीना कैफ, जीनत, सीमा की फिल्म-२
६. सुनील शेट्टी, सोनाली बेंद्रे की 'तुम से मिलने को' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चढ़ गया ऊपर रे' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
९. अमजद, विनोद मेहरा, बिंदिया की 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१२. बलराज साहनी, नूतन की 'तु प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मेरी पैंट भी सैक्सी' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, पुजा, सोनाली की 'तुम आये तो' गीत वालीफिल्म-२
१६. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
१८. अजय, अभिषेक, बिपाशा की 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
२१. अमिताभ वाली फिल्म 'याराना' की नायिका कौन थी-२
२२. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी की फिल्म-४
२५. धर्मेन्द्र, हेमा की 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'अल्हड़ मस्त जवानी' गीत वाली अजय देवगन, ग्रेसी सिंह की फिल्म-४
२७. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'जब दिल चुराये' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षय, रवीना की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
२. 'आँखों के रस्ते' गीत वाली बॉबी देओल रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. गोविंदा, करिश्मा की 'तुमसा कोई प्यारा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'चुपके से दिल' गीत वाली राजकुमार, राजेश खन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
८. अनिल कपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'लड़की है क्या' गीत वाली फिल्म-३
९. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली अमोल पालेकर, रंजीता की फिल्म-३
११. संजय, सलमान, माधुरी की 'जियें तो जियें' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'बन्नो तेरी आँखियाँ' गीत वाली सनी, जैकी, मनीषा की फिल्म-३
१४. डिनो, बिपाशा की 'कितना प्यारा है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'रहें ना रहें हम' गीत वाली धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की फिल्म-३
१९. 'मैं चुप रहूँगी' में सुनीलदत्त के साथ नायिका कौन थी?-२
२०. फिल्म 'करीब' में बॉबी देओल के साथ नायिका कौन थी?-२
२२. आफताब, उर्मिला की 'सुना था देखा ना था' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली ऋषि कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
२४. जाकिर, शबाना, अरूणा की 'बादल चाँदी बरसाये' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2614



## सूडोकु -2615


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2616 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## शब्द पहेली -2615



**बाएँ से दाएँ**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली -2614 का हल



## पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले रोहित शर्मा ने कहा-बाहरी कारकों के बारे में चिंता नहीं करना चाहता

**नई दिल्ली।** कप्तान रोहित शर्मा, जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने मौजूदा विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपने आगामी मुकाबले से पहले बाहरी कारकों के बारे में चिंता न करने पर जोर दिया। भारत और पाकिस्तान दोनों ने मौजूदा विश्व कप में लगातार दो मैच जीते हैं और इस क्रम को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। भारत की जीत के बाद, रोहित ने उन कारकों पर ध्यान केंद्रित नहीं करने पर जोर दिया जो उनके नियंत्रण में नहीं हैं और कहा, विश्व कप में आपको खेल की विभिन्न शैलियों के साथ जवाब देने की जरूरत है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले हम बाहरी कारकों के बारे में चिंता नहीं करना चाहते हैं, हम हर मैच को पिच, परिस्थितियाँ और संयोजन आदि के देखते हुए, उसके हिसाब से खेलेंगे। उन्होंने टीम के समग्र प्रदर्शन के साथ-साथ जीत के महत्व के बारे में भी बात की और कहा, यह हमारे लिए अच्छी जीत थी। शुरुआत में लय हासिल करना महत्वपूर्ण है। आप पर दबाव डाला जाएगा। ऐसा होगा। हमें दबाव को झेलना होगा और हमने इसे अच्छी तरह से झेला है। फिलहाल, जो हुआ उसे एक तरफ छोड़कर आगे बढ़ना है। आपके पास अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ी हैं जो अलग-अलग गुण लेकर आते हैं, जो कि टीम के लिए अच्छा है। हमारे पास ऐसे बल्लेबाज हैं जो स्वतंत्र रूप से और निडर होकर खेलते हैं। जब आपके पास हरफनमौला खिलाड़ी होते हैं, तो चीजें अपने आप ठीक हो जाती हैं।

## नीरज चोपड़ा ने 90 मीटर का आंकड़ा पार करने पर कहा- उम्मीद है कि किशोर जेना और मैं इसे एक साथ करेंगे

**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने उम्मीद जताई कि वह साथी भारतीय एथलीट किशोर जेना के साथ भाला फेंक में वांछित 90 मीटर के निशान को पार कर सकते हैं। नीरज ने हाल ही में समाप्त हुए 19वें एशियाई खेलों में 88.88 मीटर के थ्रो के साथ अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया था।



एकमात्र एथलीट जो नीरज के साथ प्रतिस्पर्धा करने के करीब आए थे, वह कोई और नहीं बल्कि उनके हमवतन किशोर जेना थे। ओडिशा के रहने वाले जेना ने बैक-टू-बैक थ्रो में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पुरुषों की भाला फेंक फाइनल स्पर्धा में 87.54 मीटर के साथ नीरज के सीजन के सर्वश्रेष्ठ 88.88 मीटर के करीब पहुंच गए। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा बुधवार को आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान, जिसमें केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी शामिल हुए, नीरज ने 90 मीटर चुनौती के बारे में बात की, उन्होंने कहा, जहां तक 90 मीटर का सवाल है तो मुझे अपने प्रशिक्षण पर भरोसा है और मैं इसे जल्द ही पूरा करने में सक्षम होऊंगा। सभी मीडियाकर्मियों को बधाई क्योंकि आप एक बार फिर से प्रश्न पूछ सकते हैं। लेकिन मैं इसे करने में सक्षम होऊंगा और मुझे उम्मीद है कि जेना और मैं इसे एक साथ करेंगे।

## घरेलू दर्शकों के सामने पाकिस्तान के खिलाफ खेलने पर जसप्रीत बुमराह ने कहा-यह एक बेहतरीन मैच होने वाला है

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित विश्व कप मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं जो शनिवार को अहमदाबाद में उनके घरेलू दर्शकों के सामने खेला जाएगा। बुमराह घरेलू दर्शकों के सामने अपना पहला 50 ओवर का अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे।

हालांकि, उन्होंने दो साल पहले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था. इस बार वह उसी मैदान पर लौटेंगे लेकिन एक अलग प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ और निश्चित रूप से पहले की तुलना में इस मैच का अलग दबाव होगा। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह ने कहा, हां, जाहिर तौर पर मैं अभी कुछ समय के लिए बाहर हूं। मुझे अपनी मां को घर पर देखकर खुशी होगी। मैं उनसे मिलने जा रहा हूं। यह मेरे लिए पहली बुनियादी चीज है। यह जाहिर तौर पर घर पर खेलना है। मैंने वहां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। मैंने एक टेस्ट मैच खेला। तो हां, माहौल रोमांचक होने वाला है। मुझे यकीन है कि बहुत सारे लोग आने वाले हैं। इसलिए, यह देखने लायक दृश्य होगा। तो हां, एक सर्वश्रेष्ठ मैच की उम्मीद है।

# टीम इंडिया ने 35 ओवर में ही अफगानिस्तान को हराया, रोहित का शतक, विराट का अर्धशतक

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने क्रिकेट विश्व कप में जीत का क्रम जारी रखा है। ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराने के बाद अब भारतीय टीम ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान को भी 8 विकेट से धूल चटा थी। अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए कप्तान शाहिदी के 80 रनों की मदद से 272 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी टीम इंडिया की ओर से रोहित शर्मा ने 131 तो विराट कोहली ने 55 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले अफगानिस्तान की शुरूआत खराब रही। जसप्रीत बुमराह ने 7वें ओवर में अफगानी ओपनर इब्राहिम जादरान (22) का विकेट निकाला। जादरान बुमराह की अंदर आई गेंद को समझ नहीं पाए और राहुल को कैच थमा बैठे। इसके बाद रहमानउल्लाह गुरबाज 28 गेंदों पर 21 रन बनाकर हार्दिक पांड्या का शिकार बन गए। तभी भारतीय गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने भी स्ट्राइक की। उन्होंने 22 गेंदों पर 16 रन बनाने वाले रहमत शाह को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया।

63 रन पर तीन विकेट गिर जाने के बाद अफगानी मध्यक्रम में कप्तान शाहिदी और उमरजई ने मोर्चा संभला और चौथे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को पांड्या ने 34.2 ओवर में तोड़ते हुए अज़मतुल्लाह उमरज़ई (62) को बोल्ड किया।



भारत को पांचवीं सफलता कुलदीप यादव ने दिलाई जब 42.4 ओवर में उन्होंने शाहिदी को अपने जाल में फंसाते हुए एलबीडब्ल्यू किया। शाहिदी ने 88 गेंदों पर 8 चौकों और एक छक्के की मदद से 80 रन बनाए।

बुमराह ने 45वें ओवर में अफगानिस्तान को दो झटके दिए। पहले 45वें ओवर की दूसरी गेंद पर बुमराह ने नजीबुल्लाह जादरान (2) को कोहली के हाथों कैच आउट करवाया और फिर मोहम्मद नबी (19) को छठी गेंद पर एलबीडब्ल्यू किया। बुमराह ने अपना चौथा और कुल 8वां विकेट लेते हुए राशिद खान (16) को शिकार बनाया और 48.1 ओवर में कुलदीप के हाथों कैच आउट हुए। जवाब में खेलने उतरी टीम इंडिया को रोहित शर्मा ने तूफानी शुरूआत दी। पहले दो ओवर को रोकने के बाद रोहित ने शॉट लगाने शुरू कर दिए। रोहित ने पहले 30 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया फिर बड़े शॉट लगाने शुरू कर दिए।

रोहित की पारी का आलम यह था कि जब वह शतक बना चुके थे तो ईशान किशन अपनी पारी में 20 रन भी नहीं जोड़ पाए थे। रोहित ने इसी के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी पूरा कर लिया। उन्होंने 63 गेंदों पर शतक लगाया जोकि विश्व कप इतिहास में भारत के लिए सबसे तेज शतक रहा।

## मैगनस कार्लसन की टीम बनी यूरोपियन क्लब शतरंज चैम्पियन

**तिराना (अल्बेनिया)** यूरोपियन क्लब कप शतरंज में पहली बार मैगनस कार्लसन के नेतृत्व वाली टीम ऑफरस्पील नें खिताब जीत लिया है , कार्लसन जो की नॉर्वे से आते है हमेशा से टीम चैंपियनशिप के बाद खिताब नहीं जीत सके है पर अब उनका एक बड़ी टीम चैंपियनशिप जीतने का सपना पूरा हो गया है । कार्लसन की टीम नें सात राउंड में 6 जीत दर्ज की जबकि विश्वनाथन आनंद के नेतृत्व वाली रोमानिया के सुपर चैस क्लब से एक मुक़ाबला ड्रॉ खेला और 13 अंको के साथ पहला स्थान हासिल किया इस दौरान कार्लसन पहले बोर्ड पर 6 राउंड में 5 अंक बनाकर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी रहे ।

दो भारतीय खिलाड़ियों नें दिया खास योगदान -कार्लसन की इस उपलब्धि में दो 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ियों का खास योगदान रहा , इस टीम के लिए दूसरे बोर्ड पर खेलते हुए रौनक साधवानी नें तो चौंथे बोर्ड पर वी प्रणव नें भी 7 राउंड में अपराजित रहते हुए 5 अंक बनाए और टीम के लिए कई जीत दर्ज की ।



## गिले-शिकवे भुलाकर गले मिले विराट-नवीन, आईपीएल में हो गया था बड़ा पंगा

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान मामूली कहासुनी में आमने सामने हो गए विराट कोहली और नवीन उल हक क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारत बनाम अफगानिस्तान के मुकाबले में बदले तेवरों के साथ नजर आए। नवीन का पहले से ही दर्शक प्रत्येक मैच में कोहली कोहली के नारे से स्वागत कर रहे थे। ऐसे में कोहली ने आईपीएल के दौरान हुई मामूली झड़पों को दरकिनार करते हुए नवीन को गले लगा लिया। बता दें कि आईपीएल 2023 में जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला खेला गया था तो लखनऊ की ओर से खेल रहे नवीन अपनी टीम की जीत के बाद बेबाक जश्न मनाते दिखे थे। उनके बेबाक जश्न मनाने का तरीका पसंद नहीं किया गया। इसी बीच विराट जब उन्हें समझाइश देने पहुंचे तो सामने से नवीन ने सख्त लहजे में बात की। इसी बीच लखनऊ के मेंटोर गौतम गंभीर भी आ गए। उन्होंने विराट कोहली को गुस्से में कुछ बातें कहीं और मैच के बाद सख्त बयान भी दिए। बहरहाल, दोनों के बीच तल्खी के बाद से क्रिकेट जगत में विराट कोहली और नवीन उल हक के बीच टक्कर देखने की उत्सुकता थी।



## अब भारत को ओलंपिक की मेजबानी का दावा करना चाहिए : आईओए प्रमुख पीटी उषा

नई दिल्ली। हांगझोउ एशियाई खेलों में रिकॉर्ड पदक जीतने से उत्साहित भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा ने रविवार को 2036 ओलंपिक की मेजबानी के सरकार के प्रस्ताव का समर्थन किया। भारत ने खत्म हुए एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण समेत 107 पदक जीते। पिछली बार भारत ने 70 पदक जीते थे।

उषा ने कहा, 'हांगझोउ एशियाई खेलों में रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन के बाद अगर हमारे देश के खिलाड़ी, कोच और राष्ट्रीय महासंघ कड़ी मेहनत करें तो हम पेरिस ओलंपिक में दोहरे अंक में पदक जीत सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'सरकार भारतीय खेलों और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। हमारे प्रधानमंत्री देश के खेलों में काफी रूचि लेते हैं।'

उषा ने कहा कि अब भारत को ओलंपिक की मेजबानी का दावा करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें 2023 ओलंपिक की मेजबानी का दावा करना चाहिए।



मुझे यकीन है कि भारत पेरिस ओलंपिक में तोक्यो से अधिक पदक जीतेगा। पदक जीतने के बाद हम ओलंपिक की मेजबानी का दावा कर सकते हैं।

सरकार 15 से 17 अक्टूबर तक मुंबई में होने वाले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सत्र के दौरान 2036 ओलंपिक की मेजबानी में रूचि जता सकती है। आईओसी के हालिया सुधारों के बाद अब ओलंपिक की मेजबानी के इच्छुक देश अपना प्रस्ताव रखेंगे और आईओसी भावी मेजबान आयोग कार्यकारी बोर्ड के सामने अपनी अनुशंसा रखेगा। कार्यकारी बोर्ड उसके बाद तय करेगा कि आईओसी सत्र में प्रस्ताव मतदान के लिये रखा जायेगा या नहीं।

उषा ने कहा कि एशियाड में भारत के सौ से अधिक पदक जीतने से वह हैरान नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं खुद खिलाड़ी रही हूं और मुझे शुरू से पता था कि भारत हांगझोउ में 100 से अधिक पदक जीतेगा। मैं इससे बिल्कुल हैरान नहीं हूं। उषा ने कहा, 'सभी ने इसके लिए काफी मेहनत की है। खिलाड़ी हों, कोच, सहयोगी स्टाफ या अधिकारी। सरकार ने पूरा सहयोग किया। ट्रैक और फील्ड एथलीट होने के कारण मुझे खुशी है कि हमने इस खेल में 29 पदक जीते।

**उषा ने कहा, 'हांगझोउ एशियाई खेलों में रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन के बाद अगर हमारे देश के खिलाड़ी, कोच और राष्ट्रीय महासंघ कड़ी मेहनत करें तो हम पेरिस ओलंपिक में दोहरे अंक में पदक जीत सकते हैं।'**

## विराट कोहली ने रन चेज में तोड़ा सचिन तेंदुलकर का यह रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सफल वनडे रन-चेज में हमवतन सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक 50 से अधिक स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। भारत ने मौजूदा आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज की जिसमें कोहली ने 56 गेंदों में 55 रनों का योगदान दिया। कोहली के अब रन चेज में 46 अर्धशतक हो गए हैं जोकि सचिन (45) से एक ज्यादा है।

**लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा 50+ स्कोर**

1. विराट कोहली - 46*
2. सचिन तेंदुलकर - 45
3. रोहित शर्मा - 38*
4. जैक्स कैलिस - 37
4. रिकी पोंटिंग - 37
5. एडम गिलक्रिस्ट - 33



इस लिस्ट में भारत के कप्तान रोहित शर्मा का भी नाम है जिन्होंने रन चेज में रिकॉर्ड 38 बार 50+ स्कोर बनाया है। रोहित ने दिल्ली के मैदान पर दूसरी पारी में खेलने हुए अफगानिस्तान के गेंदबाजों की खूब खबर ली थी। उन्होंने 84 गेंदों में 131 रन बनाए थे जिसमें 16 चौके और 5 छक्के दर्ज थे। मैच के दौरान रोहित ने भी कई रिकॉर्ड तोड़े।

# राशिद को देर से गेंदबाजी करने पर कोच ट्रॉट बोले, इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं

**नई दिल्ली ।** भारत के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप के मैच में राशिद खान को गेंदबाजी आक्रमण में देरी से लाने पर अफगानिस्तान की आलोचना हो रही है लेकिन टीम के कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि इस फैसले में उनकी कोई भूमिका नहीं है। भारत ने जीत के लिए मिले 273 रन के लक्ष्य का पीछा आक्रामक अंदाज में किया, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा (84 गेंद में 131 रन) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। भारतीय टीम ने 15 ओवर शेष रहते मैच आठ विकेट से जीत लिया।

अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने 15वें ओवर में जब राशिद को गेंद थमाई तब तक भारतीय टीम ने बिना किसी नुकसान के 125 रन बनाकर मैच पर दबदबा कायम कर लिया था। राशिद ने अपने पारी के 19वें और अपने तीसरे ओवर में ईशान किशन (47) को आउट कर अफगानिस्तान को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने पारी के 26 वें ओवर में रोहित को बोल्ड किया लेकिन तब तक मैच अफगानिस्तान के हाथ से लगभग निकल चुका था। वह आठ ओवर में 57 रन पर दो सफलता के साथ अपनी टीम की ओर से विकेट चटकाने वाले इकलौते गेंदबाज बने। ट्रॉट ने मैच के बाद कहा, 'मैंने उसे नहीं रोक रखा था। मुझे लगता है कि ऐसी परिस्थिति में जितना जल्दी संभव था उतना



जल्दी उसका इस्तेमाल करना चाहिए था। इंग्लैंड के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह कप्तान (शाहिदी) का विशेषाधिकार है। उन्होंने सोचा होगा कि गेंद थोड़ी पुरानी होने के बाद राशिद को अधिक घुमाव मिलेगा। आप निश्चित रूप से राशिद जैसे खिलाड़ी का मैच में जल्दी इस्तेमाल करना चाहेंगे। यह कुछ ऐसा है जिस पर हमें गौर करना होगा। ट्रॉट ने कहा कि इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए उनकी टीम को 350 रन के करीब रन बनाने चाहिए थे लेकिन आखिरी ओवरों में उनकी टीम तेजी से रन नहीं बना सकी। उन्होंने कहा, 'हमने 20वें से 40वें ओवर के बीच लगभग 125 रन बनाए लेकिन आखिरी 10 ओवरों में रन गति तेज नहीं कर सके। शुरुआती 20 ओवर में हम महज 80 (83) रन ही बना सके थे, यह काफी नहीं था। जब गेंद नई और ठोस थी तब हमें और अधिक रन बनाने चाहिए थे।

उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश के मुकाबले इस मैच में बल्ले से हमारा प्रदर्शन अच्छा था। मुझे उम्मीद है कि अगले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ हम और बेहतर करेंगे। अफगानिस्तान की मौजूदा राजनीतिक स्थिति और हाल ही में देश में भीषण भूकंप के बीच खिलाड़ियों की मानसिक स्थिति के बारे में पूछे जाने पर ट्रॉट ने कहा कि वह राजनीतिक मामलों पर बात नहीं करना चाहेंगे लेकिन भूकंप के कारण खिलाड़ी मानसिक रूप से परेशान है।

उन्होंने कहा, 'मैं कोई राजनेता नहीं हूं इसलिए मैं राजनीतिक पर टिप्पणी नहीं कर सकता। मैं हालांकि निश्चित रूप से उस प्राकृतिक आपदा के बारे में जानता हूं। हर कोई उससे प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना रखता है। टीम के खिलाड़ी अपने देशवासियों और महिलाओं तथा बच्चों के लिए परेशान है और उनकी सहायता के लिए धन जुटाने के लिए वे हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे खिलाड़ियों के लिए यह मुश्किल समय है लेकिन वे जानते है कि यहां उनका प्रदर्शन देश के लिए खुशी लाएगा। वे चाहते हैं कि उनके देश को उन पर गर्व हो। भारत के खिलाफ हार के बाद वे थोड़े निराश हैं लेकिन उन्हें यह भी याद रखना होगा कि इस विश्व कप में टीम के सात और मैच बाकी हैं। उनके पास अच्छा प्रदर्शन करके अफगानिस्तान में सभी को गौरवान्वित करने के लिए बहुत सारे मौके हैं।

# रोहित शर्मा ने विश्व कप में जड़ा 7वां शतक, सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा

**धर्मशाला।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के दौरान शतक लगाकर विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रोहित ने क्रिकेट विश्व कप 2019 में 5 शतक लगाए थे। वह ओवरऑल 6 शतक के साथ सचिन तेंदुलकर की बराबरी पर थे। लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ शतक लगाते ही वह इस लिस्ट में टॉप पर आ गए हैं। बड़ी बात यह है यह रोहित शर्मा की विश्व कप की 19वीं पारी है। सचिन ने 45 पारियों में 6 शतक लगाए थे।

**विश्व कप में सबसे ज्यादा शतक**

7 रोहित शर्मा, भारत
6 सचिन तेंदुलकर, भारत
5 कुमार संगाकारा, श्रीलंका
5 रिकी पोंटिंग, ऑस्ट्रेलिया
4 डेविड वॉर्नर, ऑस्ट्रेलिया



**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के**

554* - रोहित शर्मा, भारत
553 - क्रिस गेल, विंडीज
476 - शाहिद अफरीदी, पाकिस्तान
398 - ब्रेंडन मैकुलम, न्यूजीलैंड
383 - मार्टिन गुप्टिल, न्यूजीलैंड
**(अफगानिस्तान के खिलाफ 3 छक्के लगाते ही)**

**विश्व कप में सबसे तेज 1000 रन**

19 पारियां - रोहित शर्मा
19 पारियां - डेविड वार्नर
20 पारियां - सचिन तेंदुलकर
20 पारियां - एबी डीविलियर्स
21 पारियां - विव रिचर्ड्स
21 पारियां - सौरव गांगुली

## उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने जनपदीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

**हरदोई।** 73वीं जनपदीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ सुभाष चन्द्र बोस महाविद्यालय कहली तेरवा गौसगंज हरदोई में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। विद्यालय के छात्रों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि को ज़िला विद्यालय निरीक्षक ने कैप पहनाकर स्वागत किया। राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने ध्वजारोहण किया गुब्बारों को छोड़ा एवं शांति के प्रतीक कबूतर झुण्ड को छोड़ कर रैली में मार्च पास्ट प्रारम्भ हुई। मुख्य अतिथि ने मार्च पास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम का संचालन जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश त्रिपाठी ने किया।

प्रतियोगिता के प्रथम सत्र में सबसे पहले 800 भी दौड़ प्रतियोगिता हुई जिसमें बालिका वर्ग सीनियर में हेमा कोटपाल सिंह इ का साधना आई आर सणडीला मोनिका यादव संतोष इ का बेहदर ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रही। बालक में विपिन सिंह अमन कूमार दीपक कुमार प्रथम द्वितीय तृतीय रहे जूं वर्ग बालिका मे सलोनी आशमा बानो ऋद्धा सिंह प्रथम द्वितीय तृतीय रही, जबकि बालक वर्ग में अमबुज यादव पवन कुमार आकाश पाल प्रथम द्वितीय तृतीय रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 13 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## हरियाणा के मुख्य सचिव ने की एआईआईबी के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल जो हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष भी हैं ने आज हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना की प्रगति पर चर्चा करने के लिए एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) के प्रतिनिधिमंडलों के साथ बैठक की। इस परियोजना में राज्य में हाई राइज ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) के साथ एक नई 126 किमी ब्रॉड गेज डबल लाइन भी शामिल है। इस परियोजना का भाग-ए में 2077 करोड़ रुपये की लागत से धुलावट से बाडसा तक मुख्य लाइन में 29.50 किमी और पातली में रेवाडी लाइन और सुल्तानपुर में गढ़ी हरसरू-फरुखनगर लाइन सहित भारतीय रेलवे नेटवर्क से 11.40 किमी की कनेक्टिविटी होगी। एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) ने इस परियोजना के भाग ए के लिए 128 मिलियन अमरीकी डालर का ऋण स्वीकृत किया है। बैठक के दौरान एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) के प्रतिनिधिमंडलों में प्रोजेक्ट टीम लीडर श्री वेन्यू गु और वरिष्ठ परिवहन विशेषज्ञ, एआईआईबी सुश्री ऐनी ओंग लोपेज और परिवहन विशेषज्ञ एआईआईबी ने परियोजना के व्यापक निष्पादन पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की और परियोजना के बारे में एचआरआईडीसी और एचओआरसी के तहत वित्तीय प्रयासों को जारी रखने में उत्सुकता जताई। मुख्य सचिव ने हरियाणा को वित्तीय सहायता प्रदान करने पर उनकी प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक सराहना व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने एचओआरसी परियोजना की संतोषजनक फिजिकल और वित्तीय प्रगति की भी सराहना की।

## हरियाणा: ऑपरेशन रैपिड रिपोर्ट की शुरूआत की

**चंडीगढ़: एफएसएल** के निदेशक एडीजीपी ओपी सिंह ने कहा कि राज्य की फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (एफएसएल) ने ऑपरेशन रैपिड रिपोर्ट की शुरुआत के साथ फोरेंसिक परिचालन दक्षता में एक महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। इस सुव्यवस्थित कदम का उद्देश्य संवेदनशील मामलों के लिए रिपोर्टिंग समयसीमा को घटाकर 15 दिन करना है, जिसमें प्रयोगशाला के विभिन्न परिचालन पहलुओं को परिष्कृत करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किए गए उपाय शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन रैपिड रिपोर्ट का उदेश्य संवेदनशील मामलों में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) और डीएनए रिपोर्ट की त्वरित डिलीवरी है, जिसे अब 15 दिनों के लिए निर्धारित किया गया है। इस ऑपरेशन के तहत एक विशेष कार्यक्रम को पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा) और बलात्कार के मामलों में डीएनए रिपोर्ट के साथ-साथ एनडीपीएस अधिनियम के तहत वाणिज्यिक और मध्यवर्ती मात्रा के मामलों को वर्गीकृत करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। यह प्रयास गहन सामाजिक प्रभाव वाले महत्वपूर्ण मामलों के प्रसंस्करण को प्राथमिकता देने और तेज करने पर केंद्रित/आधारित है। श्री सिंह ने बताया कि हरियाणा में एफएसएल के भीतर प्रत्येक परीक्षण इकाई के लिए परिचालन बेंचमार्क को तैयार कर प्रत्येक टेंस्टिंग यूनिट के लिए उपकरणों सहित उपलब्ध मानव-घंटे निर्धारित किए गए हैं।

# 'विश्व में शांति की गारंटी है सनातन धर्म'

### हरियाणा के रोहतक में बाबा मस्तनाथ मठ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी, सरसंघचालक मोहन भागवत

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक/लखनऊ**

सनातन धर्म विश्व में शांति की गारंटी है। एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति का बोध वाक्य ही सनातन धर्म का सत्य है। सभी मत, पंथ, उपसना विधि, संप्रदाय से जुड़े संतजन उसी सत्य की उपासना के लिए और उसकी पुनर्प्रतिष्ठा के लिए अपने आप को समर्पित किये हुए हैं। भारत की संत शक्ति कभी पलायन का रास्ता नहीं अपनाती। वो हर चुनौती से जूझने का जज्बा रखती है और इसका उद्देश्य केवल लोक कल्याण है। गांव गांव में जनजागरण कर रहे हमारे संतगण आज एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को ही सिद्ध कर रहे हैं। ये बातें गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा मस्तनाथ मठ द्वारा ब्रह्मलीन महंत श्री चांदनाथ जी योगी के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रोहतक में कही। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ



के सरसंघचालक मोहन भागवत, योगगुरु स्वामी रामदेव, स्वामी चिदानंद महाराज और बाबा मस्तनाथ मठ के महंत बाबा बालकनाथ सहित देशभर से आए हजारों की संख्या में संतों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नाथ संप्रदाय भारत की सनातन परंपरा का वाहक है। सनातन धर्म एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति के बोध वाक्य का सत्य है। उस सत्य तक पहुंचने के लिए हमारे पंथ, उपसना विधि, संप्रदाय, मत अपने आप को समर्पित किये हुए हैं। रास्ते अलग अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक है और ये मंजिल है सत्य सनातन धर्म की पुनर्स्थापना के कार्य को एकजुट होकर पूरी मजबूती के साथ स्थापित करना।

**शांति**

**आज भी भारत पूरी मजबूती के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में अपने आप को स्थापित कर रहा है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। जिन्हें सनातन पर विश्वास नहीं था वो श्रीराम मंदिर के नाम से ही भागते थे। मगर जिन्हें सनातन धर्म पर विश्वास था उन्हें अपने कर्म पर विश्वास था। जो लोगों के लिए असंभव था आज नये भारत ने उसे संभव बना दिया है। पूरी दुनिया में वर्तमान में संघर्ष चल रहा है, मगर विश्व शांति की गारंटी केवल सनातन धर्म और भारत ही है। दुनिया में संकट के समय हर देश, हर धर्मावलम्बी और हर पीड़ित भारत की ओर आशा की नजरों से देख रहा है। उसे भरोसा है कि भारत उसकी आस और विश्वास बनेगा। आज का ये समारोह उसी अभियान को मजबूती प्रदान करता है। ये नाथ संप्रदाय के पवित्र संतों की साधना स्थली है। आज बाबा चांदनाथ जी के संकल्पों को महंत बालकनाथ योगी तत्परता और दूरदर्शिता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं, जो अभिनंदनीय और सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी सभी प्रकार के मौलिक अधिकारों के साथ जी रही है। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक आज भी भारत पूरी मजबूती के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में अपने आप को स्थापित कर रहा है, तो उसके पीछे गांव गांव में जनजागरण कर रहे हमारे पूज्य संतजन हैं, जो अपने ईष्ट की अराधना के साथ ही सनातन धर्म की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर देते हैं।

## अंतर-राज्यीय नार्को-मॉड्यूल का भंडाफोड़



**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**
**30 किलोग्राम को**कीन, पांच करोड़ रुपये की नकदी, 40 नकली वाहन नंबर प्लेट्स, पासपोर्ट और एक जर्मन निर्मित रिवॉल्वर की जब्ती के साथ जम्मू कश्मीर पुलिस ने अंतर-राज्यीय नार्को-मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। प्रदेश पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर नार्को आतंकी मॉड्यूल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मॉड्यूल का नेटवर्क उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से पंजाब के लुधियाना तक मिला है। पुलिस ने इस मामले में अब तक आठ आरोपियों को

**शिकंजा**

**30 किलोग्राम कोकीन, 40 नकली वाहन नंबर प्लेट्स, पासपोर्ट और एक जर्मन निर्मित रिवॉल्वर की जब्ती**

गिरफ्तार किया है। इनमें चार कुपवाड़ा से और चार पंजाब से हैं। डीजीपी दिलबाग सिंह ने जम्मू में जिला पुलिस लाइन (डीपीएल) ने बताया कि रामबन पुलिस ने एक वाहन को रोका था, जिसमें से 30 किलोग्राम कोकीन जैसा पदार्थ बरामद किया गया।

## खनन घोटाले की ईडी जांच में आएगी तेजी




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**सपा सरकार** में हुए खनन घोटाले की जांच फिर से तेज होने जा रही है। करीब डेढ़ साल तक ठंडे बस्ते में रहने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में नए जांच अधिकारी की तैनाती की गई है। बता दें कि हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई के अलावा ईडी भी खनन घोटाले की जांच कर रहा है। इसमें तत्कालीन खनन मंत्री गायत्री प्रजापति के साथ कई आईएएस अधिकारी भी जांच के दायरे में आए थे। ईडी गायत्री प्रजापति को दो बार रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के साथ ही करोड़ों की संपत्ति जब्त कर चुका है। ईडी ने आईएएस अधिकारियों से भी पूछताछ की थी लेकिन जांच पूरी नहीं हो सकी। इसमें सबसे बड़ी अड़चन खनन पट्टे

**घोटाले की जांच**

**कई बार ईडी के अधिकारियों ने फाइलें देने के लिए शासन से पत्राचार किया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला**

आवंटित करने से संबंधित 23 फाइलें नहीं मिलने की वजह से आई थी। सूत्रों की मानें तो इन अधिकारियों को नोटिस देकर पूछताछ के लिए तलब किया जाएगा।
वहीं, कई बार ईडी के अधिकारियों ने फाइलें देने के लिए शासन से पत्राचार किया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अब नए सिरे से जांच शुरू करने के साथ शासन से दोबारा फाइलें मुहैया कराने का पत्र लिखा जाएगा।

## राघव के सरकारी आवास आवंटन मामले में हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली हाई** कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के सरकारी आवास के आवंटन को रद्द करने के राज्यसभा सचिवालय की हाउस कमेटी के आदेश पर रोक लगाने की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस अनूप जयराम भांभानी की बेंच ने आज दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। राघव चड्ढा की तरफ से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 8 सितंबर, 2022 को उपराष्ट्रपति ने टाइप सात बंगला आवंटित किए जाने को मंजूरी दी थी। क्योंकि पंजाब से उनको मिल रही धमकियों की वजह से जेड प्लस सुरक्षा मिली है। सुरक्षा



पुनरीक्षण समिति ने भी टाइप छह बंगले को चड्ढा की सुरक्षा के लिहाज से अनुपयुक्त बताया था। उन्होंने कहा कि यह ऐसा मामला है, जहां उपराष्ट्रपति, जो देश के सर्वोच्च अथॉरिटी में से एक होते हैं, उन्होंने फाइल पर पूरी तरह से विचार कर फैसला लिया था। सिंघवी ने कहा कि उपराष्ट्रपति ने बंगला आवंटित करने का आदेश दिया था लेकिन राज्यसभा आवास आवंटन करने वाली समिति ने 3 मार्च को टाइप सात बंगला खाली करने का नोटिस भेज दिया जबकि याचिकाकर्ता करीब साल भर से यहां रह रहा था। इसके बाद याचिकाकर्ता ने आवास

**सुनवाई**

**8 सितंबर, 2022 को उपराष्ट्रपति ने टाइप सात बंगला आवंटित किए जाने को मंजूरी दी थी**

आवंटन समिति को पत्र लिखा लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। नोटिस के 10 दिनों के भीतर याचिका दाखिल कर दी गई। सिंघवी ने कहा कि राघव चड्ढा को पंजाब में सुरक्षा मिली हुई है लेकिन ऐसा नहीं किया जा सकता कि दिल्ली में सुरक्षा कम कर दी जाए और यहां मेरी हत्या हो जाए।

## आत्मीय संबध के आधार पर विकसित होता है संगठन: नंद किशोर

**भागलपुर:** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला अध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में संगठन मजबूती को लेकर बैठक की गयी। जिसमे पूर्व मंत्री सह पटना साहिब विधायक नंद किशोर यादव एवं प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा के कार्यकर्ता के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। भाजपा के वरिष्ठ विधायक नंद किशोर यादव ने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन आत्मीय संबध के आधार पर विकसित होता है।

## यमुना नदी में डूबे पांच बच्चे, एक की बची जान

**टीम एक्शन इंडिया/शामली**
**यूपी से** लगती हरियाणा सीमा के थाना सनौली के गांव तामसाबाद में बृहस्पतिवार को नहाते समय पांच बच्चे यमुना के कुंड में डूब गए। एक को तो मौके से ही ग्रामीणों ने सकुशल निकाल लिया। लेकिन करीब तीन घंटे बाद एक का शव निकाला गया। वहीं, तीन की तलाश में गोताखोरों की टीम जुटी हुई है। मगर सफलता नहीं मिल सकी है। यूपी के गोताखारों से भी सहयोग मांगा गया है।




## जदयू के पूर्व विधायक ने दिया इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
जदयू के कई नेता लगातार जदयू से इस्तीफा देकर अलग पार्टियों में शामिल हो रहे है। जदयू से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं की संख्या ज्यादा है। ऐसा ही कुछ गुरुवार को भी हुआ। दरअसल चेनारी से जदयू के पूर्व विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष ललन पासवान ने आज जदयू के इस्तीफा दे दिया। इससे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जोरदार झटका लगा है। ललन पासवान कई दिनों से पार्टी से नाराज चल रहे थे। ललन पासवान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को चिट्ठी लिखकर गंभीर



आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पत्र में पूर्व विधायक ने लिखा है - "बिहार में आतंक और गुंडा राज स्थापित करने वाले लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल से समझौता करने के बाद दलितों पर हत्या, बलात्कार और उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं और इसकी रोकथाम की दिशा में राज्य सरकार की तरह कोई कठोर

**इस्तीफे का दौर**

**जदयू से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं की संख्या ज्यादा है, जदयू को लग रहे झटके**

कदम नहीं उठाए जाने के विरोध में मैं जनता दल (यू) की प्राथमिकता सदस्यता से इस्तीफा देता हूँ"।
उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही जदयू के पूर्व एमएलसी रणवीर नंदन जदयू से इस्तीफा दे दिए थे।

पुण्य कमाया

### 3 महिलाओं ने मुखाग्नि दी, कहा- हो सकता है वे पूर्वजन्म के संबंधी हों

## बालासोर ट्रेन हादसा: 28 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/भुवनेश्वर**
ओडिशा के बालासोर ट्रेन हादसे के 4 महीने बाद 28 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। भरतपुर शवागार में मंगलवार शाम से शुरू हुई प्रक्रिया बुधवार सुबह पूरी हो गई। इस दौरान सीबीआई के अधिकारी भी मौजूद रहे। एम्स भुवनेश्वर ने नगर निगम को सभी डेड बॉडी डिस्पोज करने की जिम्मेदारी दी थी। पहले तीन शवों को तीन महिलाओं ने मुखाग्नि दी। मधुमिता प्रुस्टी (37), स्मिता मोहंती (53) और स्वागतिका राव (34) ने बताया- ये शव पुरुषों के थे या महिलाओं के, इनका धर्म या जाति क्या थी



हम नहीं जानते। वे इंसान थे और इसी नाते हमने उन्हें सम्मान के साथ विदा किया। हो सकता है ये लोग पूर्वजन्म में हमारे संबंधी रहे हों। मेयर सुलोचना दास ने बताया- ये शव पिछले चार महीने से डीप फ्रीजर में रखे-रखे बर्फ में तब्दील हो गए थे। पहचान करना मुश्किल था कि शव महिला का है या पुरुष का। शवों को मुखाग्नि देने और बाद में फूल चुनने के लिए एक की मदद ली गई। इसी साल 2 जून को बालासोर में 3 ट्रेनों की टक्कर में 297 लोगों की मौत हुई थी। इसमें 269 शवों को उनके घरवाले ले गए।

**ऐसे हुआ था हादसा:** 2 जून की शाम को चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस मेन लाइन की बजाय लूप लाइन में चली गई, जहां मालगाड़ी खड़ी थी। ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई। कोरोमंडल और मालगाड़ी की कुछ बोगियां बगल के ट्रैक पर बिखर गईं।

इसके थोड़ी देर बाद ही ट्रैक पर बिखरे डिब्बों से हावड़ा-बेंगलुरु एक्सप्रेस टकरा गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए।